# एफडीडीआई ने सेवानिवृत्त रक्षा कर्मियों के लिए विशेष प्रशिक्षण पाठ्यक्रम सत्र का आयोजन किया

अर्थ प्रकाश संवाददाता

बनूड़। फुटवियर डिजाइन एंड डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट (एफडीडीआई), चंडीगढ़ परिसर ने पुनर्वास महानिदेशालय (पश्चिम क्षेत्र) के सहयोग से, आधिकारिक तौर पर फुटवियर विनिर्माण और खुदरा संचालन में बारह सप्ताह का सर्टिफिकेट कोर्स शुरू किया, जो सक्रिय रक्षा सेवा से सेवानिवृत्ति के करीब आने वाले जूनियर कमीशन अधिकारियों (जेसीओ) के लिए तैयार किया गया है। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पुनर्वास महानिदेशालय (पश्चिम क्षेत्र) के अतिरिक्त सचिव ब्रिगेडियर रणदीप सिंह चड्ढा उपस्थित थे। एफडीडीआई चंडीगढ़ की कार्यकारी निदेशक सुश्री प्रज्ञा सिंह ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया, जिन्होंने भी सभा को संबोधित किया और भाग लेने वाले जेसीओ का स्वागत किया। अपने संबोधन में, सुश्री सिंह ने फुटवियर शिक्षा में एफडीडीआई की तीन दशकों से अधिक की समृद्ध विरासत और कौशल विकास और उद्यमिता में इसके योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने व्यावहारिक सीखने के महत्व पर जोर दिया जो यह पाठ्यक्रम प्रदान करता है, वास्तविक दुनिया के अनुप्रयोगों पर ध्यान केंद्रित करता है जो सेवानिवृत्ति के बाद स्व-रोज़गार और व्यावसायिक उद्यमों को जन्म दे सकता है।

व्यापक कार्यक्रम में 80 प्रतिशत



व्यावहारिक प्रशिक्षण और 20 प्रतिशत सैद्धांतिक निर्देश शामिल हैं, जिसमें फुटवियर डिजाइन और विकास, खुदरा संचालन और आपूर्ति श्रृंखला समझ के मुख्य क्षेत्र शामिल हैं। यह पाठ्यक्रम डोमेन विशेषज्ञों द्वारा कार्यशालाओं, उद्योग दौरों और अतिथि व्याख्यानों को भी एकीकृत करता है, जिससे फुटवियर उद्योग के लिए समग्र प्रदर्शन सुनिश्चित होता है।

ब्रिगेडियर चड्ढा ने अपने संबोधन के दौरान एफडीडीआई परिसर में अत्याधुनिक बुनियादी ढांचे और प्रयोगशाला सुविधाओं की सराहना की। उन्होंने पूर्व सैनिकों के लिए इस तरह के पाठ्यक्रम की व्यावहारिक प्रासंगिकता पर ध्यान दिया, विशेष रूप से एक सेना कर्मी के जीवन में 'अच्छे और टिकाऊ जूते' के महत्वपूर्ण महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने एफडीडीआई की अपनी यात्रा को 'अत्यधिक फलदायी' बताया और सेवानिवृत्त कर्मियों को उनकी पेशेवर यात्रा के अगले चरण के लिए तैयार करने की संस्थान की क्षमता पर विश्वास व्यक्त किया।

कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. अविनाश बाजपेयी ने पाठ्यक्रम संरचना, इसके उद्देश्यों और अपेक्षित परिणामों का अवलोकन प्रदान किया। उन्होंने मुख्य अतिथि, सभी गणमान्य व्यक्तियों और भाग लेने वाले प्रशिक्षुओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद प्रस्ताव देकर कार्यक्रम का समापन किया।

यह सहयोगात्मक पहल संरचित, उद्योग-संरेखित शिक्षा और प्रशिक्षण के माध्यम से कौशल विकास और सेवानिवृत्त रक्षा कर्मियों के सशक्तिकरण के प्रति एफडीडीआई की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

# तेजी से कार्य करते हुए अच्छी गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में सड़कों, पुल-पुलियों व भवनों के निर्माणकार्य करें पूर्ण: विष्णु देव साय

**मुख्यमंत्री ने लोक निर्माण विभाग के कार्यों की समीक्षा की**

अर्थ प्रकाश/अखिलेश तिवारी

**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज लोक निर्माण विभाग के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने मंत्रालय (महानदी भवन) में आयोजित समीक्षा बैठक में विभागीय अधिकारियों को तेजी से कार्य करते हुए अच्छी गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में सड़कों, पुल-पुलियों एवं भवनों के काम पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्गों और प्रमुख सड़कों पर तेज और सुरक्षित यातायात पर जोर दिया। उन्होंने एआई और नवीन तकनीकों के उपयोग से खराब स?कों के त्वरित चिन्हांकन व मरम्मत के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री श्री अरूण साव और मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव श्री सुबोध सिंह भी समीक्षा बैठक में शामिल हुए।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बैठक में सड़कों और पुल-पुलियों के काम आगामी पांच साल की कार्ययोजना को ध्यान में रखते हुए त्वरित गति से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सड़कों और वृहद पुलों के कार्यों को भू-अर्जन के बाद डेढ़-दो वर्षों में अनिवार्यतः पूर्ण करने को कहा। उन्होंने शहरों के नजदीक बनने वाले बाइपास और रिंगरोड में पर्याप्त संख्या में ओव्हरब्रिजों और अण्डरब्रिजों का निर्माण करते हुए इन्हें एक्सप्रेस-वे की तर्ज पर विकसित करने के निर्देश दिए। इससे यातायात तेज और सुरक्षित होगा। मुख्यमंत्री साय ने भारतमाला परियोजना के तहत रायपुर को विशाखापट्नम से जोड़ने बन रहे एक्सप्रेस-वे से रायपुर-जगदलपुर राष्ट्रीय राजमार्ग को जोड़ने अच्छी गुणवत्ता के कनेक्टिंग-रोड्स बनाने के निर्देश दिए, ताकि इस एक्सप्रेस-वे का अधिक से अधिक लाभ राज्य के लोगों को मिल सके।

मुख्यमंत्री ने प्रदेश में निर्माणाधीन राष्ट्रीय राजमार्गों की प्रगति की समीक्षा करते हुए सभी बड़ी एवं महत्वपूर्ण परियोजनाओं के लिए एक-एक डेडीकेटेड वरिष्ठ अधिकारी नामांकित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यों में



तेजी लाने एनएचएआई के साथ बेहतर समन्वय बनाकर काम करने को कहा। उन्होंने आगामी तीन वर्षों में 30 हजार करोड़ रूपए के सड़क विकास के कार्यों को पूर्ण करने के लक्ष्य के साथ काम करने को कहा। उन्होंने नए बजट में प्रावधानित कार्यों की प्राथमिकता तय करते हुए शीघ्र ही उनके इस्टीमेट डीपीआर और टेण्डर की कार्यवाही पूर्ण करते हुए कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए। श्री साय ने पुल-पुलियों के रखरखाव एवं मरम्मत की प्रभावी व्यवस्था बनाने को भी कहा। उन्होंने इसके लिए आवश्यक प्रोटोकाल तैयार कर कड़ाई से अमल करने को कहा। उन्होंने एआई और नवीन तकनीकों के उपयोग से खराब सड़कों की तुरंत पहचान के लिए सिस्टम तैयार करने को कहा। इससे सड़कों के संधारण एवं त्वरित मरम्मत में मदद मिलेगी। उन्होंने खदान क्षेत्रों में सड़कों के मजबूतीकरण पर जोर दिया।

मुख्यमंत्री श्री साय ने बस्तर में सड़क नेटवर्क को मजबूत करने वहां निर्माणाधीन सड़कों और पुल-पुलियों के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। नई सड़कों और पुलों के निर्माण से सुदूर वनांचलों के लोगों को विकास की मुख्यधारा से जुड़ने में मदद मिलेगी। उन्होंने समीक्षा बैठक में विभागीय अधिकारियों को वर्तमान समय की जरूरतों और लाइफस्टाइल के अनुरूप सर्किट हाउसों और विश्राम गृहों को अपग्रेड करने के निर्देश दिए। उन्होंने इनके अच्छे रखरखाव के साथ ही साफ-सफाई और अन्य व्यवस्थाओं को सुधारने को कहा।

लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने समीक्षा बैठक में बताया कि नया रायपुर में निर्माणाधीन विधानसभा के नए भवन का 95 प्रतिशत सिविल एवं विद्युत यांत्रिकी कार्य पूर्ण कर लिया गया है। नए राजभवन का भी 60 प्रतिशत काम पूर्ण हो गया है। अधिकारियों ने बताया कि चालू वित्तीय वर्ष में सड़क सुरक्षा के कार्यों के लिए 106 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है।

सड़क दुर्घटनाओं को रोकने आगामी पांच-छह महीनों में ब्लैक-स्पॉट और जंक्शन सुधार के कार्य प्राथमिकता से किए जाएंगे। लोक निर्माण विभाग के सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव श्री राहुल भगत और श्री मुकेश बंसल, लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता श्री वी.के. भतपहरी और संयुक्त सचिव श्री एस.एन. श्रीवास्तव सहित सभी मुख्य अभियंता भी समीक्षा बैठक में मौजूद थे।

**हरियाणा खेल विश्वविद्यालय, राई में वार्षिकोत्सव समारोह संपन्न**

## खेल स्कूल राई की तरह ही खेल विश्वविधालय में दाखिला लेना युवाओं का सपना होगा: गौरव गौतम

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

**राई।** हरियाणा खेल विश्वविद्यालय, राई में मंगलवार को वार्षिकोत्सव समारोह अत्यंत उत्साह, जीवंतता और गरिमा के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर हरियाणा सरकार के माननीय खेल मंत्री गौरव गौतम मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः एथलेटिक प्रतियोगिताओं के साथ हुई, जिसमें विद्यार्थियों ने बड़े जोश और उत्साह के साथ भाग लेकर प्रतिस्पर्धा का शानदार प्रदर्शन किया। इसके पश्चात विश्वविद्यालय परिसर में



हवन एवं प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया, जिससे समूचे वातावरण में आध्यात्मिक ऊर्जा और सकारात्मकता का संचार हुआ। हवन में राई विधानसभा क्षेत्र की विधायक श्रीमती कृष्णा गहलावत ने सहभागिता की, साथ ही विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने आहुति देकर कार्यक्रम को विशेष गरिमा प्रदान की।

# सीएम चंद्रबाबू ने केंद्रीय मंत्रियों से की मुलाकात

अर्थप्रकाश/बोम्मा रेड्डी

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने मंगलवार को दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, के अलावा पीयूष गोयल मंत्री सीआर पौरी और मंत्रियों से मुलाकात की. इस अवसर पर, यह ज्ञात है कि वाईएसआर से राज्य सभा के लिए चुने गए विजयसाई रेड्डी ने हाल ही में इस्तीफा दे दिया है और केंद्रीय चुनाव आयोग ने सीट खाली करने की अधिसूचना जारी कर दी है।

खबर है कि इस पर गृह मंत्री से चर्चा हुई. लेकिन खबर है कि अमित शाह ने बीजेपी के लिए सीट मांगी है. बाकी मंत्रियों के साथ पोलावरम और बनाकाचार्ला प्रोजेक्ट पर चर्चा हुई. सीएम ने केंद्रीय कानून मंत्री केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोया से भी मुलाकात की. इस बैठक में केंद्रीय मंत्री राममोहन नायडू पेम्मासानी चंद्रशेखर,



राज्यसभा सदस्य साकिष बाबू तेलुगु देशम पार्टी के सांसद भी शामिल हुए.

# अल्ट्रावायलेट ने चंडीगढ़ में लॉन्च की एफ 77 मैच2 और एफ 77 सुपरस्ट्रीट आइकॉनिक परफॉर्मेंस मोटरसाइकिल

- 323 किमी की आइडीसी रेंज – एशिया के किसी भी प्रोडक्शन इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर में सबसे ज्यादा
- 100 एनएम का दमदार टॉर्क और 155 किमी/घंटा की टॉप स्पीड– इंडस्ट्री में अग्रणी
- चंडीगढ़ में खोला जाएगा नया 3एस एक्सपीरियंस सेंटर

अर्थ प्रकाश/सुशील सहगल

चंडीगढ़। पहले से ही तेरह शहरों में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा चुकी कंपनी फास्टेस्ट इंडियन मोटरसाइकिल बनाने वाली अल्ट्रावायलेट कंपनी ने मंगलवार को सिटी ब्यूटीफुल मे अल्ट्रावायलेट की आधुनिक तकनीक और दमदार प्रदर्शन वाली दोपहिया गाड़ियों को लाँच किया। अल्ट्रावायलेट इसी साल चंडीगढ़ में अपना एक शानदार एक्सपीरियंस सेंटर खोलने जा रही है। सेल, सर्विस और स्पेयर पार्ट्स की संपूर्ण सुविधाएं देने वाला यह 3एस एक्सपीरियंस सेंटर ग्राहकों को गाड़ी खरीदने से लेकर रखरखाव तक, सभी तरह की सेवाएं देगा।

अर्थ प्रकाश से बातचीत करते हुए अल्ट्रावायलेट के सीईओ और




सह-संस्थापक नारायण सुब्रमण्यम ने कहा कि चंडीगढ़ एक ऐसा शहर है जो तेजी से आर्थिक, आईटी और टेक्नोलॉजी हब के रूप में उभर रहा है, में अपना व्यापक प्रोडक्ट पोर्टफोलियो पेश करके गर्वान्वित हैं। उन्होने बताया कि एफ77 मैच2 और एफ 77 सुपरस्ट्रीट केवल 2.8 सेकंड में 0 से 60 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार पकड़ लेती हैं। ये मोटरसाइकिलें 10.3 किलोवाट–घंटा बैटरी पैक से लैस हैं और 30 किलोवाट (40.2 हॉर्सपावर) की अधिकतम पावर देती है। इनमें 100 एनएम का दमदार पीक टॉर्क मिलता है। यह मात्र 2.8 सेकंड में 0 से 60 किमी प्रति घंटे की गति पकड़ती है और 155 किमी प्रति घंटे की टॉप स्पीड तक पहुंच सकती है। इसकी दमदार आइडीसी रेंज 323 किलोमीटर है।

ज्ञात रहे कि एफ77 मैच2 और एफ 77 सुपरस्ट्रीट की एक्स-शोरूम कीमत 2,99,000 रुपए है। इन बाइक्स की बुकिंग कंपनी की आधिकारिक वेबसाइट www.ultraviàælette.càæm.पर शुरू हो चुकी है।

इसके अलावा कंपनी ने आधुनिक इलेक्ट्रिक स्कूटर 'टेस्सेरैक्ट' और एक अलौकिक इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल 'शॉकवेव' नामक दो नए उत्पाद भी पेश किए हैं। जिनकी कीमत क्रमश 1,45,000 और 1,75,000 रखी गई है। 'टेस्सेरैक्ट' में अपने सेगमेंट में पहली बार रडार और डैशकैम एक साथ लगे हैं, जो ओमनीसेंस मिरर के साथ मिलकर ब्लाइंडस्पॉट डिटेक्शन, लेन बदलने में मदद, ओवरटेक करने में सहायता और टक्कर की चेतावनी जैसे आधुनिक सुरक्षा फीचर हैं। 'शॉकवेव' एक ऐसी मोटरसाइकिल है जो उन राइडर के लिए बनाई गई है ।

# गायत्री विद्यापीठ स्कूल में छात्रों को पृथ्वी दिवस के प्रति जागरूक किया



अर्थ प्रकाश/सुरेन्द्र कुमार

गन्नौर। गायत्री विद्यापीठ नगरपालिका रोड जनस्वास्थय विभाग कार्यालय के सामने बच्चों ने पृथ्वी दिवस बड़े ही धूमधाम व उत्साह से मनाया। छोटे-छोटे बच्चों ने पौधों में पानी व खाद डाला बच्चों ने अपने आसपास के क्षेत्र में पौधे लगाए। विद्यालय की मुख्यध्यापिका शकुंतला कौशिक ने बच्चों को बताया कि ग्लोबल वार्मिंग की वजह से पृथ्वी अलग-अलग भागों में खंडित हुई। ग्लोबल वार्मिंग की वजह से समुद्रो का जलस्तर बढ़ रहा है जो हमारे भविष्य के लिए खतरा हो सकता है। शकुंतला कौशिक ने बच्चों को पेड़ों के महत्व के बारे में और जल संरक्षण के महत्व के बारे में बताया। विद्यालय के डायरेक्टर राजेंद्र कौशिक ने बच्चों को संदेश दिया। स्कूल के शिक्षकों ने भी छात्रों को जागरूक किया।

## बंद मकान का ताला तोड नकदी व आभूषण चुराये

अर्थ प्रकाश/सुरेन्द्र कुमार

गन्नौर। कोट मोहल्ला में बंद मकान का ताला तोड़ चोर नकदी व आभूषण चोरी कर ले गए। पीड़ित महिला ने चोरी की शिकायत गन्नौर थाना पुलिस को दी है।

शिकायत में कोट मोहल्ला निवासी पूनम ने बताया कि उसका पति व बेटा काम पर गए थे। वह भी घर का ताला लगाकर काम पर चली गई। जब वापस घर लौटी तो घर का ताला टूटा हुआ था और अलमारी से 20 हजार रुपये की नकदी, 8 तोले की चांदी की चेन, पाजेब, चांदी का कड़ा गायब थे। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**अब बिहार के लोग कहेंगे- अमृत भारत है न!**

# प्रधानमंत्री सहरसा-लोकमान्य तिलक टर्मिनस वर्जन 2.0 अमृत भारत का 24 को करेंगे उद्घाटन

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**नई दिल्ली।** भारतीय रेल आमजन की रेल है – और यही इसकी सबसे बड़ी ताक़त भी। हर वर्ग के यात्रियों को बेहतर, सुरक्षित और सुविधाजनक यात्रा अनुभव देने के अपने संकल्प को आगे बढ़ाते हुए भारतीय रेल अब अत्याधुनिक लेकिन किफायती ट्रेनों की नई शुरुआत कर रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की परिकल्पना के अनुरूप, 'अमृत भारत ट्रेन' योजना इसी सोच का विस्तार है – एक ऐसी ट्रेन सेवा, जो भले ही नॉन-एसी हो, लेकिन सुविधाओं के मामले में किसी एसी या सुपरफास्ट ट्रेन से कम नहीं। आधुनिक डिज़ाइन, उच्च गति और न्यूनतम किराया – ये ट्रेनें रेलयात्रा को एक नए अनुभव में बदलने का वादा करती हैं।

भारतीय रेल अगले तीन वर्षों में 100 'अमृत भारत ट्रेनें' चलाने की योजना पर कार्य कर रही है। जो इस दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। महज 45 पैसे प्रति किलोमीटर के न्यूनतम किराए पर सुपरक्लास अनुभव – यही है 'अमृत भारत' की परिकल्पना। 24 अप्रैल, 2025 को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी सहरसा से लोकमान्य तिलक



टर्मिनस, मुंबई के लिए देश की तीसरी अमृत भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। इसके साथ ही बिहार को मिलेंगी दो अमृत भारत ट्रेनों की सौगात। फिलहाल दरभंगा-आनंद विहार और मालदा टाउनङ्कएसएमवीटी बेंगलुरु के बीच अमृत भारत ट्रेनें सफलतापूर्वक संचालित हो रही हैं। अब सहरसा से मुंबई को जोड़ने वाली यह नई ट्रेन वर्जन 2.0 में अपग्रेडेड है, और यह बिहार, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र के यात्रियों को एक साथ जोड़ने जा रही है।

पहले जो दो अमृत भारत ट्रेन सेट बनाए गए थे, उससे यह ज्यादा एडवांस है। इसमें पैसेंजर सेफ्टी और सुविधाओं के लिए कई नए फीचर्स जोड़े गए हैं। इसमें सुरक्षा के लिहाज से पहली बार फायर डिटेक्शन सिस्टम लगाया है। सही समय पर गियर और व्हील की निगरानी की जा सके, इसके लिए ऑनबोर्ड कंडिशनिंग मोनिटरिंग सिस्टम लगाया गया है।

**कोच के अंदर की खास बातें**

- कोचों को ऐसा बनाया गया है, जिससे उसके अंदर बैठे यात्रियों को झटके न लगें
- कोच के अंदर लाइटिंग की शानदार व्यवस्था की गई है, जो बरबस मन को मोह लेती है
- गार्ड रूम में मॉनिटर और जहां पर सामान रखा जाता है वहाँ सीसीटीवी कैमरे लगे हैं
- नास्ते के लिए फोल्ड करने योग्य टेबल लगे हैं ताकि यात्री सुविधाओं का लुत्फ उठा सकें
- शौचालयों में अत्याधुनिक सुविधाएं हैं, प्रत्येक यात्री के लिए कोच में मोबाइल होल्ड लगे हैं
- दिव्यांगजनों के लिए विशेष शौचालय बनाए गए हैं ताकि उन्हें किसी तरह की परेशानी न हो

**समानता और समरसता का प्रतीक**

भारत विविधताओं का देश है, जहां हर वर्ग के लोग रहते हैं – कोई अधिक खर्च कर सकता है, तो कोई कम में भी संतुष्ट रहता है। लेकिन भारतीय रेल ने प्रधानमंत्री के 'सबका साथ, सबका विकास' विज़न को साकार करते हुए, मिडल क्लास और अंत्योदय वर्ग के लिए यह ट्रेन सेवा शुरू की है।

# सहकारिता को सशक्त बनाना राज्य सरकार की प्राथमिकता :भजनलाल

अर्थ प्रकाश/मनोहरलाल

**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अन्त्योदय के संकल्प को साकार करने में सहकारिता की महत्वपूर्ण भूमिका बताते हुए कहा है कि सहकारिता क्षेत्र को सशक्त बनाना राज्य सरकार की प्राथमिकता है और नए को-ऑपरेटिव कोड से सहकारी संस्थाओं में पारदर्शिता एवं जवाबदेही को बढ़ावा मिलेगा। श्री शर्मा मंगलवार को मुख्यमंत्री निवास पर नए को-ऑपरेटिव कोड के संबंध में आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस नवीन सहकारिता कोड में आमजन को सहकारी सुविधा एवं जन कल्याणकारी योजनाओं तक सुगम पहुंच निश्चित करने के लिए विभिन्न प्रावधान किए गए हैं। यह कोड सहकारी समितियों के आधुनिकीकरण की दिशा में व्यापक सुधार लाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार राजस्थान सहकारिता अधिनियम-2001 को वर्तमान परिपेक्ष्य में प्रासंगिक बनाने के लिए यह नवीन को-ऑपरेटिव कोड लेकर आ रही है। इसके लिए गठित एक समिति ने महाराष्ट्र, गुजरात, मध्यप्रदेश और केरल जैसे राज्यों का दौरा कर वहां के सहकारी कानूनों का व्यवहारिक अध्ययन भी किया है तथा इन प्रदेशों के सहकारी कानूनों के प्रभावी प्रावधानों का समावेश नए सहकारिता कोड में किया गया है, जिससे सहकारी संस्थाएं सशक्त हो सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि नवीन सहकारिता कोड को सरल, व्यावहारिक तथा जनहितेषी बनाया जाए जिससे अधिक से अधिक लोग इसका लाभ ले सके।

# विश्व पृथ्वी दिवस: धरती बचाने की पुकार, छोटे कदमों से बड़ा बदलाव संभव

अर्थ प्रकाश/विजय कुमार निगम


**लखनऊ।** हर साल आज के दिन मनाया जाने वाला विश्व पृथ्वी दिवस इस बार 'पुर्नस्थापना के लिए निवेश' की थीम के साथ मनाया जा रहा है। देशभर में पर्यावरण प्रेमियों, छात्रों, सामाजिक संगठनों और सरकारी संस्थाओं ने विभिन्न कार्यक्रमों के जरिए पृथ्वी के संरक्षण का संकल्प लिया।

राजधानी दिल्ली में जहां विश्वविद्यालयों और गैर-सरकारी संगठनों ने प्लास्टिक मुक्त अभियान, साइकिल रैलियां और जनजागरूकता सेमिनार आयोजित किए, वहीं लखनऊ में भी इस दिन को विशेष रूप से मनाया गया।

लखनऊ नगर निगम और उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के संयुक्त तत्वावधान में गोमती नदी किनारे स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसमें सैकड़ों स्कूली छात्र-छात्राएं और स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि शामिल हुए।

ग्रीन इंडिया मिशन के तहत 5,000 पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया, जिसमें लखनऊ विश्वविद्यालय और अन्य शिक्षण संस्थानों के छात्रों ने भाग लिया। वहीं गोमती नगर स्थित जनेश्वर मिश्र पार्क में आयोजित ईको वॉक में सैकड़ों नागरिकों ने भाग लेकर प्लास्टिक के खिलाफ जागरूकता फैलाई।

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने इस अवसर पर राजभवन परिसर में नीम का पौधा लगाकर प्रदेशवासियों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा, ष्धरती माता की रक्षा करना हम सबका दायित्व है। विकास और प्रकृति में संतुलन बनाए रखना ही सतत विकास की कुंजी है।



पर्यावरणविद् डॉ. संध्या मिश्रा ने संवाददाता से बातचीत में कहा, लखनऊ जैसे शहरों में हर दिन बढ़ता तापमान, गिरता भूजल स्तर और वायु प्रदूषण चिंताजनक हैं। ऐसे में पृथ्वी दिवस केवल प्रतीकात्मक नहीं, एक जरूरी चेतावनी है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी ट्वीट कर कहा, पृथ्वी हमारा घर है। इसको बचाना, सहेजना और आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित रखना हमारी जिम्मेदारी है। चलिए, पृथ्वी दिवस पर हम सब मिलकर प्रकृति के साथ सामंजस्य बैठाने का संकल्प लें।

विशेषज्ञों का मानना है कि आम लोग अगर दैनिक जीवन में छोटे-छोटे बदलाव अपनाएं,जैसे प्लास्टिक का कम इस्तेमाल, सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा, घरों में ऊर्जा की बचत और जल संरक्षणकृतो पृथ्वी पर बड़ा असर डाला जा सकता है।

**क्यों मनाया जाता है विश्व पृथ्वी दिवस?:** हर साल 22 अप्रैल को विश्व पृथ्वी दिवस मनाया जाता है, ताकि लोगों में पर्यावरण संरक्षण, जलवायु परिवर्तन और पृथ्वी के प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा के प्रति जागरूकता फैलाई जा सके।

**पृथ्वी की रक्षा के लिए जागरूकता:** यह दिन हमें याद दिलाता है कि पृथ्वी पर जीवन संभव है, क्योंकि यहां की जलवायु, जल, वायु और जैव विविधता अनूठी है। लेकिन औद्योगीकरण, प्रदूषण और वनों की कटाई के कारण पर्यावरण पर संकट मंडरा रहा है।

**जलवायु परिवर्तन के खिलाफ कार्रवाई:** पृथ्वी दिवस हमें पर्यावरणीय संकटों,जैसे ग्लोबल वार्मिंग, बर्फबारी में गिरावट, सूखा, बाढ़, और चरम मौसमी घटनाओं,के खिलाफ चेतावनी देता है।

**जन भागीदारी को बढ़ावा:** इस दिन दुनियाभर में सरकारी और गैर-सरकारी संस्थाएं, स्कूल, कॉलेज और आम नागरिक वृक्षारोपण, साफ-सफाई, रैली, वर्कशॉप और जागरूकता अभियान चलाते हैं।

**भविष्य की पीढ़ियों के लिए संदेश:** पृथ्वी दिवस सिर्फ वर्तमान के लिए नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को एक सुरक्षित, स्वच्छ और हरित वातावरण देने का संकल्प भी है।

**इतिहास:** पहली बार पृथ्वी दिवस 1970 में अमेरिका में मनाया गया था। इसकी शुरुआत सेनेटर गैलॉर्ड नेल्सन ने की थी।अब यह दिवस 193 से अधिक देशों में मनाया जाता है।

# पंजाब में पहली बार, आप सरकार ने एकल पिताओं और गंभीर रूप से विकलांग बच्चों के लिए चाइल्ड केयर लीव की घोषणा की : चीमा

चाइल्ड केयर लीव का लाभ अब एकल पिता को भी मिलेगा

40 प्रतिशत अपंग बच्चों के लिए 18 साल की ऊपरी आयु सीमा में दी गई छूट

वित्त मंत्री ने कहा, ये संशोधन काम और जीवन में संतुलन और कर्मचारियों की भलाई को प्रोत्साहित करते हुए कामकाजी अभिभावकों के लिए सहायक होंगे



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 22 अप्रैल।** पंजाब के वित्त मंत्री एडवोकेट हरपाल सिंह चीमा ने बच्चों की विशेष जरूरतों का लंबे समय तक देखभाल करने वाले माता-पिता को आवश्यक लचीलापन और अतिरिक्त सहायता प्रदान करते हुए आज पंजाब सरकार के चाइल्ड केयर लीव (सी.सी.एल) के प्रावधानों में महत्वपूर्ण सुधारों की घोषणा की ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि माता-पिता अपने कामकाज के साथ समझौता किए बिना अपने बच्चों की भलाई के लिए आवश्यक समय समर्पित कर सकें।

यहां जारी एक प्रेस बयान में इस संबंधी जानकारी देते हुए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि ये संशोधन कामकाजी अभिभावकों, विशेष रूप से बच्चों की देखभाल की विशेष चुनौतियों का सामना कर रहे माता-पिता की जरूरतों को पूरा करने के लिए तैयार किए गए हैं। उन्होंने कहा कि पहले चाइल्ड केयर लीव नीति केवल 18 साल से कम उम्र के नाबालिग बच्चों वाली महिला सरकारी कर्मचारियों के लिए थी। उन्होंने कहा कि हालांकि इस सुविधा ने कामकाजी माताओं को आवश्यक सहायता प्रदान की है, लेकिन यह सुविधा विभिन्न पारिवारिक ढांचों और विशेष चुनौतियों का सामना करने वाले एकल पिता और गंभीर अपंगता वाले बच्चों के माता-पिता को दरपेश चुनौतियों के लिए अपर्याप्त थी।

वित्त मंत्री ने कहा कि इन खामियों को पहचानते हुए पंजाब सरकार ने मौजूदा सी.सी.एल प्रावधानों में दो महत्वपूर्ण संसोधन पेश किए हैं। उन्होंने कहा कि पहला यह कि चाइल्ड केयर लीव का लाभ अब एकल पुरुष अभिभावकों को दिया गया है, जिसमें वे व्यक्ति जिनकी पत्नी का निधन हो गया हो, तलाकशुदा पिता और अविवाहित पिता शामिल हैं और दूसरे संशोधन के तहत सरकार ने गंभीर अपंगता वाले 40 प्रतिशत अपंग बच्चों के लिए 18 साल की ऊपरी आयु सीमा में छूट दी है।

वित्त मंत्री ने आगे बताया कि उन बच्चों के माता-पिता जो सेरेब्रल पाल्सी, मस्कुलर डाइस्ट्रॉफी, क्रोनिक न्यूरोलॉजिकल डिसऑर्डर्स, गंभीर और गहरी बौद्धिक असमर्थता, मल्टीपल स्क्लेरोसिस और मल्टीपल डिसएबिलिटीज जिनमें बहरापन और अंधापन शामिल है, आदि को दरपेश चुनौतियों का सामना करने में सहायता करेगी। उन्होंने कहा कि इस प्रगतिशील प्रयास के तहत बच्चों की देखभाल में पिता की अहम भूमिका को भी स्वीकार करते हुए यह सुनिश्चित करने की कोशिश की गई है कि उन्हें माता-पिता के फर्जों के साथ उनकी पेशेवर जिम्मेदारियों को संतुलित करने में सहायता मिले। वित्त मंत्री चीमा ने कहा कि एकल पिता के लिए यह सुविधा प्रदान करके सरकार ने आधुनिक परिवारों की हकीकतों के अनुरूप अपनी नीतियों और अपने रुख को और मज़बूत कर रही है।

### कर्मचारियों की भलाई को दी जाती है प्राथमिकता

वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने जोर देकर कहा कि ये संशोधन मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की अगुवाई वाली पंजाब सरकार की कामकाजी संस्कृति को उत्साहित करने की उस अटल प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं जिसके तहत कर्मचारियों की भलाई को प्राथमिकता दी जाती है। उन्होंने कहा कि संशोधित नीति कामकाजी माता-पिता, विशेष रूप से असाधारण देखभाल की जिम्मेदारियों का सामना कर रहे माता-पिता के बोझ को घटाएगी और उन्हें पेशेवर नुकसान के बिना अपने बच्चों का आवश्यक ध्यान रखने और देखभाल प्रदान करने के योग्य बनाएगी।

# पंजाब से फलों और सब्जियों का निर्यात करने के लिए आवश्यक कदम उठाएंगे : मोहिंदर भगत

पायलट प्रोजेक्ट के रूप में राज्य के 10 गांवों की 5-5 एकड़ पंचायती भूमि पर फलदार पौधे लगाए जाएंगे

कहा, पंजाब में बागवानी के तहत क्षेत्रफल बढ़ाना और किसानों की आय में वृद्धि करना है मुख्य उद्देश्य



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 22 अप्रैल।** पंजाब के बागवानी मंत्री श्री मोहिंदर भगत ने राज्य के फलों और सब्जियों को विदेशों में निर्यात करने और बागवानी के तहत क्षेत्रफल बढ़ाने और किसानों की आय में वृद्धि करने के उद्देश्य से अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। यह बैठक मोहाली के पंजाब कृषि भवन में हुई। इस बैठक में सचिव बागवानी श्री मोहम्मद तय्यब, निदेशक बागवानी श्रीमती शैलेंद्र कौर और एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया, पंजाब मार्कफेड, पंजाब एग्री एक्सपोर्ट कॉरपोरेशन के अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक के दौरान मंत्री श्री मोहिंदर भगत ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार बागवानी के तहत क्षेत्रफल बढ़ाने और किसानों की आय में वृद्धि करने के लिए तेजी से काम कर रही है। उन्होंने कहा कि इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए पायलट प्रोजेक्ट के रूप में राज्य के 10 गांवों की 5-5 एकड़ पंचायती भूमि पर फलदार पौधे लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि पंचायती जमीनों से होने वाली आय भी संबंधित गांवों की पंचायतों द्वारा गांवों के विकास पर खर्च की जाएगी। मंत्री द्वारा इस संबंध में कार्रवाई जल्दी करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए गए।

मंत्री ने पंजाब के फलों और सब्जियों को निर्यात करने के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि पंजाब के किन्नू, आम, लीची जैसे फलों और बैंगन और भिंडी जैसी सब्जियों की विदेशों में बहुत मांग है। बैठक के दौरान, श्री गुरु रामदास जी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे, अमृतसर से बागवानी फसलों के निर्यात की सुविधा के लिए आवश्यक कदम उठाने के लिए कहा गया। इस मौके पर एयरपोर्ट अथॉरिटी, स्टेशन हेड आजाद सिंह द्वारा अपना पूरा समर्थन देने के लिए कहा गया।

मोहिंदर भगत ने कहा कि पंजाब के प्रोसेस्ड बागवानी क्षेत्र में भी बहुत संभावनाएं हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में प्रवेश करके हम न केवल किसानों की आय बढ़ा सकते हैं बल्कि नए रोजगार के अवसर भी पैदा कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि पंजाब राज्य की भौगोलिक स्थिति और वातावरण बागवानी के लिए बहुत उपयुक्त है और यहां हम उन चीजों की खेती कर सकते हैं जिनकी मांग यूरोप और अन्य देशों में बहुत ज्यादा है।

# 'युद्ध नशों विरुद्ध' 53वें दिन 76 नशा तस्कर गिरफ्तार, 3.5 किलो हेरोइन, 1 लाख रुपये की ड्रग मनी बरामद

पुलिस टीमों ने छह जिलों में जेलों की तलाशी भी की

75 राजपत्रित रैंक अधिकारियों के नेतृत्व में 150 से अधिक पुलिस टीमों ने 374 संदिग्ध व्यक्तियों की की चेकिंग अर्पित शुक्ला

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 22 अप्रैल।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों पर राज्य से नशे के पूर्ण खात्मे के लिए छेड़ी गई 'युद्ध नशे विरुद्ध' मुहिम के 53वें दिन, पंजाब पुलिस ने मंगलवार को 76 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया और इनके कब्जे से 3.5 किलो हेरोइन, 1 किलो अफीम और 1.09 लाख रुपये की ड्रग मनी बरामद हुई है। इसके साथ, महज 53 दिनों में गिरफ्तार किए गए कुल नशा तस्करों की संख्या 7036 हो गई है।

यह कार्रवाई डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस (डीजीपी) पंजाब गौरव यादव के निर्देशों पर राज्य के सभी 28 पुलिस जिलों में एक ही समय में की गई थी।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने पुलिस कमिश्नरों, डिप्टी कमिश्नरों और सीनियर पुलिस सुपरडेंडेंट को पंजाब को नशा मुक्त राज्य बनाने के लिए कहा है। पंजाब सरकार ने नशे के विरुद्ध जंग की निगरानी के लिए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा के नेतृत्व में 5 सदस्यीय कैबिनेट सब कमेटी का भी गठन किया है।

विवरण साझा करते हुए, स्पेशल डीजीपी कानून एवं व्यवस्था अर्पित शुक्ला ने बताया कि 75 राजपत्रित अधिकारियों की निगरानी में 1000 से अधिक पुलिस मुलाजिमों की संख्या वाली 150 से अधिक पुलिस टीमों ने राज्य भर में 345 स्थानों पर छापेमारी की है जिसके परिणामस्वरूप राज्य भर में 49 एफआईआर दर्ज की गई हैं। उन्होंने आगे कहा कि पुलिस टीमों ने दिन भर चले इस ऑपरेशन के दौरान 374 संदिग्ध व्यक्तियों की भी चेकिंग की।

स्पेशल डीजीपी ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा राज्य से नशे के खात्मे के लिए तीन-सूत्रीय रणनीति - एन्फोर्समेंट, डी-एडिक्शन एंड प्रिवेंशन (ईडीपी) - लागू की गई है, जिसके तहत पंजाब पुलिस ने 'नशा छुड़ाने' के हिस्से के रूप में दो व्यक्तियों को नशा छुड़ाओ और पुनर्वास के लिए इलाज करवाने के लिए राजी किया है।

गौरतलब है कि पंजाब पुलिस ने जेल में किसी भी गैर-कानूनी गतिविधि को रोकने के लिए छह जिलों - कमिश्नरेट जालंधर, होशियारपुर, एसबीएस नगर, जालंधर देहाती, कपूरथला और रूपनगर - में विभिन्न जेलों में तलाशी अभियान भी चलाया है। स्पेशल डीजीपी अर्पित शुक्ला ने कहा, ''हमारी पुलिस टीमों ने जेल परिसर में बैरकों, रसोई और शौचालयों सहित हर कोने और कोने की अच्छी तरह से तलाशी ली है।''

# डीजीपी गौरव यादव ने फरीदकोट में साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन और मोगा में स्मार्ट पुलिस कंट्रोल रूम का किया उद्घाटन

डीजीपी पंजाब ने पुलिस अधिकारियों और जनता से चल रही नशा विरोधी मुहिम 'युद्ध नशों विरुद्ध' का भी जायजा लिया



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**फरीदकोट/मोगा, 22 अप्रैल।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के दिशा-निर्देशों के अनुसार मजबूत पुलिस बुनियादी ढांचे को विकसित करने के लिए, डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस (डीजीपी) पंजाब गौरव यादव ने राज्य में चल रही नशा विरोधी 'युद्ध नशों विरुद्ध' मुहिम की समीक्षा करने के लिए आज फरीदकोट और मोगा का दौरा किया और इस दौरान दोनों जिलों में कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया।

डीजीपी ने फरीदकोट में तीन परियोजनाओं का उद्घाटन किया है जिसमें अति-आधुनिक साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन, हाई-टेक उपकरणों से लैस कॉन्फ्रेंस हॉल और 250 व्यक्तियों के बैठने की क्षमता वाला एक ब्रीफिंग हॉल शामिल है, जबकि मोगा जिले में भविष्योन्मुखी स्मार्ट पुलिस कंट्रोल रूम का उद्घाटन किया गया है। इस मौके पर डीजीपी के साथ डिप्टी इंस्पेक्टर जनरल ऑफ पुलिस (डीआईजी) फरीदकोट रेंज अश्वनी कपूर भी मौजूद थे।

फरीदकोट में मीडिया से बातचीत करते हुए डीजीपी गौरव यादव ने कहा कि उन्नत डिजिटल फॉरेंसिक उपकरणों से लैस इस साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन को ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी, पहचान चोरी (आइडेंटिटी थेफ्ट) और साइबर धोखाधड़ी से निपटने के लिए स्थापित किया गया है। उन्होंने आगे कहा कि फरीदकोट पुलिस द्वारा पहले ही 260 खोए हुए मोबाइल फोन मालिकों को वापस किए गए हैं और साइबर धोखाधड़ी पीड़ितों को 90 लाख रुपये वापस कर चुकी है।

युद्ध नशों विरुद्ध मुहिम को बड़े पैमाने पर सफल बनाने के लिए फरीदकोट पुलिस के असाधारण प्रयासों की सराहना करते हुए, डीजीपी ने कहा कि फरीदकोट पुलिस ने जनता के सहयोग से कुशल फॉलो-अप सिस्टम विकसित किया है और 1 मार्च, 2025 को इस विशेष मुहिम की शुरुआत के बाद 300 से अधिक नशा तस्करों को गिरफ्तार किया है। फरीदकोट वह जिला है जहां पंजाब सरकार की सेफ पंजाब एंटी-ड्रग हेल्पलाइन '9779100200' के माध्यम से प्राप्त सूचनाओं पर कार्रवाई करते हुए सबसे अधिक एफआईआर दर्ज की गई हैं।

फरीदकोट पुलिस द्वारा आयोजित 'वड्डा खाना' (दोपहर का भोजन) के दौरान डीजीपी शामिल हुए, जहां सभी रैंकों के अधिकारियों को पुलिस बल के मुखिया के साथ बातचीत करने और विचार साझा करने का मौका मिला, जिससे क्षेत्र में प्रभावशाली टीम वर्क के लिए आवश्यक संबंध मजबूत हुए। सीनियर सुपरडेंडेंट ऑफ पुलिस (एसएसपी) फरीदकोट डॉ. प्रज्ञा जैन ने डीजीपी को बताया कि 'युद्ध नशों विरुद्ध' मुहिम के तहत फरीदकोट पुलिस ने 150 एफआईआर दर्ज करके 300 से अधिक नशा तस्करों को गिरफ्तार किया है और 4.7 किलो हेरोइन, 3 किलो अफीम, 130 किलो भुक्की, 3.83 लाख रुपये की ड्रग मनी बरामद की है। उन्होंने आगे कहा कि एनडीपीएस की धारा 68 एफ के तहत 5 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति फ्रीज की गई है जिससे जिला फरीदकोट में ड्रग नेटवर्क को बड़ा झटका लगा है।

डीजीपी ने 'युद्ध नशों विरुद्ध' के तहत जनसंपर्क के दौरान फरीदकोट के निवासियों से भी बातचीत की और नशों के विरुद्ध लड़ाई में उनके सहयोग की मांग की।

## सनी एन्क्लेव के निवासी द्वारा 21 से 24 अप्रैल तक भगवद गीता एवं आध्यात्मिक सभा का किया गया आयोजन



अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

**जीरकपुर, 22 अप्रैल।** सनी एन्क्लेव जीरकपुर के निवासी द्वारा 21 से 24 अप्रैल तक भगवद गीता प्रवचन के साथ एक आध्यात्मिक सभा का आयोजन कर रहे हैं।भव्य हवन का आयोजन 24 अप्रैल को किया जाएगा। कथा वाचक श्री प्रेम मूर्ति जी महाराज वरिदावन वाले ने आध्यात्मिक समागम को उपदेश दिया। श्रीमद्भगवद गीता न केवल हिन्दू धर्म का एक पवित्र ग्रंथ है, बल्कि समस्त मानव जाति के लिए एक अमूल्य उपदेश भी है। यह ग्रंथ हमें कर्म, धर्म, भक्ति और जीवन के गूढ़ रहस्यों को सरल शब्दों में समझाने का कार्य करता है। महाभारत के युद्धक्षेत्र में भगवान श्रीकृष्ण द्वारा अर्जुन को दिया गया यह उपदेश न केवल उस युग में प्रासंगिक था, बल्कि आज भी हमारे जीवन की चुनौतियों का समाधान देने में सक्षम है। भगवद गीता सिर्फ एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि यह जीवन का दर्पण है। इसमें दिए गए विचार हमें न केवल आध्यात्मिक रूप से सशक्त बनाते हैं, बल्कि हमें जीवन के संघर्षों से लड़ने की प्रेरणा भी देते हैं। इस लेख में आपके लिए जीवन, कर्म और धर्म पर श्रीमद्भगवत गीता के अमूल्य उपदेश और सर्वश्रेष्ठ उद्धरण दिए गए हैं।

# मैं पंजाब विधानसभा के स्पीकर कुलतार सिंह संधवां के प्रयासों के कारण जिंदा हूं : करमजीत कौर

करमजीत कौर ने सुनाई ठग ट्रैवल एजेंटों के चंगुल में फंसने की पूरी व्यथा



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़ 22 अप्रैल।** पंजाब विधानसभा के स्पीकर कुलतार सिंह संधवां ने कहा कि हमारी सरकार अमेरिका समेत विभिन्न देशों में गैर-कानूनी तरीके से पहुंचे पंजाब के युवाओं की सुरक्षा के लिए अनधिकृत ट्रैवल एजेंटों के खिलाफ बड़े पैमाने पर कार्रवाई कर रही है। हालांकि, पंजाब के मासूम और बेरोजगार युवाओं को विदेशों में नौकरियों का वादा करके धोखा देने का चलन अभी भी जारी है। गांव पंजगड़ी कलां की रहने वाली एक युवा लड़की करमजीत कौर ने भावुक ढंग से अपनी कहानी सुनाई कि यदि स्पीकर कुलतार सिंह संधवां मदद के लिए मसीहा बनकर नहीं आते, तो उसने आत्महत्या कर ली होती। करमजीत कौर ने खुलासा किया कि मोगा जिले के गांव जलालाबाद की रहने वाली एक एजेंट अमरजीत कौर ने उससे 15,000 रुपये लिए और उसे टूरिस्ट वीजा पर 'मस्कट' इस शर्त पर भेज दिया कि यदि उसे वहां काम पसंद नहीं आया, तो वह वापस आ सकती है। इसके अलावा, करमजीत कौर का पासपोर्ट और मोबाइल फोन कब्जे में ले लिया गया।

उसने आगे बताया, 'इस धोखाधड़ी रैकेट की असलियत तब सामने आई जब मैंने व्यक्तिगत रूप से देखा कि 30 लड़कियों को एक कमरे में रात बिताने के लिए मजबूर किया गया था, जो कई बार बेबसी के कारण भूखी-प्यासी रात बिताती हैं।' उसने बताया कि वहां नौकरी प्राप्त करने के लिए आपको अपने आपको मुस्लिम या ईसाई लड़की बताना पड़ता है और जब हम अपने माता-पिता से बात करते थे, तो एक टीम द्वारा हमारी फोन बातचीत की भी निगरानी की जाती थी। हमें सिर्फ यह कहने की इजाजत थी, 'हम यहां खुशहाल हैं और बहुत अच्छा काम कर रहे हैं।' करमजीत ने रोते हुए कहा कि देश के विभिन्न राज्यों की लड़कियों को ट्रैवल एजेंटों द्वारा गुमराह किया जाता है और फिर 'मस्कट' जैसे देशों में बेचा जाता है। उसने आगे खुलासा किया कि फिर वे लड़कियां मस्कट जैसे देशों में गुलाम बन जाती हैं। माता-पिता के लिए उन लड़कियों का पता लगाना लगभग नामुमकिन होता है।

पीड़ित लड़की ने कहा कि एजेंट ने उससे एक लाख रुपये ले लिए, और सारी राशि पंजाब स्थित एक बैंक के खाते में जमा करवा दी। उसने आशंका प्रकट की कि उसके हस्ताक्षर वाले खाली चेक अभी भी ट्रैवल एजेंट के पास हैं, जिनका दुरुपयोग किया जा सकता है। उसने मदद के लिए गुप्त रूप से पंजाब विधानसभा के स्पीकर संधवां तक पहुंच बनाई और फिर स्पीकर साहेब ने मोगा के डीएसपी से बात की। अब स्पीकर कुलतार सिंह संधवां के प्रयासों से करमजीत कौर अपने घर वापस आ गई है।

यहां यह बताना जरूरी है कि पीड़ित लड़की करमजीत की वापसी के लिए टिकट समेत सारा खर्च स्पीकर ने खुद उठाया है। करमजीत कौर के पूरे परिवार का कहना है कि हम हमेशा स्पीकर के ऋणी रहेंगे।

## विजडम इंटरनेशनल स्कूल में मनाया गया पृथ्वी दिवस



अर्थ प्रकाश/प्रदीप पाल

**जगराओं, 22 अप्रैल।** जगराओं लीला मेघ सिंह विजडम इंटरनेशनल स्कूल में 'पृथ्वी दिवस' मनाया गया। स्कूल की प्रबंधन समिति एवं प्रिंसिपल मैडम अनीता कालरा के नेतृत्व में स्वच्छ पर्यावरण के महत्व को समझाया गया ताकि पृथ्वी को प्रदूषण मुक्त बनाया जा सके। इस अवसर पर हरे और नीले रंग की पोशाक पहने छोटे बच्चों ने पौधे रोपे और हरित दिवस मनाया। इसके बाद स्कूल के बाकी विद्यार्थियों ने पृथ्वी दिवस से संबंधित चित्रकला प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया तथा स्कूल द्वारा एक रैली निकाली गई।

इस अवसर पर स्कूल के चेयरमैन सतीश कालरा, अध्यक्ष निखिल कालरा, निदेशक आर्यन कालरा उपस्थित थे। उन्होंने बच्चों को जल, मिट्टी और वायु को प्रदूषित न करने, पॉलीथीन का प्रयोग न करने तथा अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया। प्रिंसिपल मैडम अनीता कालरा के नेतृत्व में रैली निकालकर बच्चों को प्रदूषण के कारण लुप्त हो रही प्रजातियों व पर्यावरण के प्रति जागरूक किया गया तथा बच्चों ने यह भी प्रण लिया कि वे भविष्य में बढ़ते प्रदूषण को रोकने व पर्यावरण को स्वच्छ रखने में अपना पूर्ण सहयोग देंगे। इस अवसर पर सभी विद्यार्थी तथा स्कूल प्रिंसिपल मैडम अनीता कालरा, वाइस प्रिंसिपल सतविंदरजीत मैडम, पी.आर. ओह. कुलबीर मैडम, जसवन्त मैडम, मंजू मैडम और राजवीर मैडम हजारों थे।

# बीर सिंह कांग्रेस पार्टी के शहरी उपाध्यक्ष नियुक्त


अर्थ प्रकाश संवाददाता



**बनूड़, 22 अप्रैल।** कांग्रेस पार्टी ने शहर में अपने संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करना शुरू कर दिया है, जिसके तहत आज बीर सिंह को कांग्रेस पार्टी की बनूड़ शहरी इकाई का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। बीर सिंह को नियुक्ति पत्र सौंपने के अवसर पर बातचीत करते हुए नगर परिषद बनूड़ के अध्यक्ष जगतार सिंह कंबोज और मार्केट कमेटी बनूड़ के पूर्व चेयरमैन कुलविंदर सिंह भोला ने कहा कि राज्य के सभी वर्गों के लोग राज्य की तत्कालीन कांग्रेस पार्टी सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों को याद करने लगे हैं। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार को सत्ता में आए तीन साल हो गए हैं, लेकिन क्षेत्र में विकास कार्य ठप्प पड़े है। परिषद अध्यक्ष जगतार सिंह कंबोज ने कहा कि प्रदेश की जनता आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी की सरकार बनाने के लिए आतुर है। इस अवसर पर नवनियुक्त उपाध्यक्ष बीर सिंह ने पार्टी हाईकमान, पूर्व विधायक हरदयाल सिंह कंबोज का आभार व्यक्त किया तथा आश्वासन दिया कि वे पार्टी की नीतियों को घर-घर तक पहुंचाने के लिए कड़ी मेहनत करेंगे। इस अवसर पर पार्षद भाग सिंह, आशु केबल वाला, मक्खन सिंह, जेपी टेंट हाउस, जीवन कुमार, राकेश कुमार, जीत सिंह पूर्व एसडीओ, बलकार सिंह व अन्य कांग्रेसी नेता व कार्यकर्ता मौजूद थे।

# कूड़े में आग लगने से टैलीफोन जंक्शन बॉक्स जला, फायर ब्रिगेड ने पाया काबू

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**जगराओं, 22 अप्रैल।** नगर कौंसिल जहां कूड़े के बड़े-बड़े ढेरों को आग लगा रही है, वहीं कूड़े को आग लगाकर निपटाना उचित समझ रही है लेकिन कभी-कभी ऐसी कूड़े की आग लोगों के लिए मौत का कारण बन जाती है।

ऐसी ही एक घटना आज सुबह स्थानीय नलक वाला चौक पर घटित हुई जब किसी ने कूड़े के ढेर में आग लगा दी और लपटें ऊंची उठने लगीं जिसके पास ही एक टैलीफोन जंक्शन बॉक्स भी था जिससे क्षेत्र के कई टेलीफोन जुड़े हुए हैं।

उस जंक्शन बॉक्स में भी आग लग गई और आग ने विकराल रूप ले लिया। इस आग की गर्मी बिजली के खंभे के साथ गुजर रहे बिजली के तारों को भी छू गई जिससे बिजली के तार भी बुरी तरह झुलस गए। शहर निवासी की सूचना पर फायर ब्रिगेड की एक गाड़ी भी घटनास्थल पर पहुंची जिन्होंने मौके पर ही आग बुझाने वाले रसायनों का छिड़काव कर आग पर काबू पा लिया, क्योंकि बिजली की तारों में करंट होने के कारण पानी से आग पर काबू नहीं पाया जा सका था। यह अभी भी रहस्य बना हुआ है कि कचरे में आग लगाकर यह शरारत किसने की।

# 54वें खेलकूद समारोह 2025-26 का भव्य समापन समारोह ताऊ देवी लाल स्टेडियम पंचकूला में संपन्न

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा



**जीरकपुर, 22 अप्रैल।** केंद्रीय विद्यालय, के-एरिया, ज़ीरकपुर द्वारा आयोजित 54वें स्तरीय खेलकूद समारोह 2025-26 का भव्य समापन समारोह ताऊ देवी लाल स्टेडियम, पंचकूला में संपन्न हुआ। केवीएस चंडीगढ़ क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों की टीमों ने जोश और उत्साह के साथ कार्यक्रम में भाग लिया, जिससे उनकी टीम भावना और खेल भावना झलकी। भारत स्काउट एंड गाइड की कलर पार्टी द्वारा सेवानिवृत्त डीएसओ एवं ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा तथा पैरा-ओलंपियन निषाद कुमार के कोच श्री नसीम अहमद का हर्षोल्लास के साथ स्वागत किया गया। समारोह का शुभारंभ हरित स्वागत से हुआ, जो विकास और समरसता का प्रतीक है। मुख्य अतिथि द्वारा विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान कर उनकी कड़ी मेहनत और उपलब्धियों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि श्री नसीम अहमद ने अपने प्रेरणादायक शब्दों से विद्यार्थियों को खेलों के महत्व और स्वस्थ जीवनशैली की ओर प्रेरित किया। विद्यालय की मुख्य अध्यापिका सीमा चौधरी ने सभी प्रतिभागियों, अधिकारियों और आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के अंत में 54वें संभाग स्तरीय खेलकूद समारोह के औपचारिक समापन की घोषणा की गई। इस प्रतियोगिता में चंडीगढ़ संभाग के विभिन्न केंद्रीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और खेल भावना के साथ प्रतिस्पर्धा की। विद्यालय परिवार, शिक्षकों तथा आयोजकों के समन्वित प्रयासों से यह आयोजन अत्यंत सफल रहा।

# पृथ्वी दिवस केवल एक दिन नहीं, एक सतत संकल्प: डॉ. अरोड़ा

**सोलन के स्कूलों में पृथ्वी दिवस पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन**

अर्थ प्रकाश /यशपाल कपूर



**सोलन ।** रुकुल इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सोलन में 'विश्व पृथ्वी दिवस' पर प्रेरणादायक आयोजन, पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सशक्त कदम

गुरुकुल इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने आज 'विश्व पृथ्वी दिवस' मनाया। इस अवसर पर एक सराहनीय और प्रभावशाली कार्यक्रम का आयोजन किया गया,जिसमें सामाजिक और पर्यावरणीय जिम्मेदारियों के बारे में बच्चों को अवगत करवाया।

विद्यालय में आयोजित विशेष प्रार्थना सभा, सार्थक नाट्य प्रस्तुति, इंटर-हाउस क्विज प्रतियोगिता तथा कक्षा 3 से 5 तक की रैली ने यह दर्शाया कि स्कूल न केवल छात्रों को जागरूक बना रहा है, बल्कि उन्हें भविष्य के 'सजग और संवेदनशील नागरिक' भी बना रहा है।

नाट्य प्रस्तुति और झंडों के माध्यम से छात्रों ने यह संदेश दिया कि पर्यावरण की रक्षा हमारे हर छोटे-छोटे कदम से शुरू होती है। क्विज प्रतियोगिता ने छात्रों में पर्यावरणीय ज्ञान की परीक्षा ली तो वहीं रैली ने पूरे स्कूल परिसर को जागरूकता के रंग में रंग दिया। इसके साथ विद्यालय के एन.सी.सी. कैडेट्स ने भी अपनी भागीदारी का प्रदर्शन विद्यालय परिसर एवं इसके आसपास लगे पेड़-पौधों को जल देकर उनकी देखभाल कर किया । इसके साथ ही उनके लिए पर्यावरण संरक्षण को लेकर एक पोस्टर मेकिंग गतिविधि का भी आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने अपनी रचनात्मकता के माध्यम से जागरूकता का संदेश दिया।'

विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. लखविंदर कौर अरोड़ा ने कहा कि न केवल छात्रों को, बल्कि सभी उपस्थितजनों को यह सोचने पर मजबूर किया कि पृथ्वी दिवस केवल एक दिन नहीं, एक सतत संकल्प है।

गुरुकुल इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल का यह आयोजन यह स्पष्ट करता है कि स्कूल शिक्षा के साथ-साथ नैतिक और सामाजिक मूल्यों के विकास की दिशा में भी निरंतर अग्रसर है।

**विद्यार्थियों और शिक्षकों ने मिलकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प :** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला शमरोड में 'पृथ्वी दिवस' मनाया। इस अवसर पर विद्यार्थियों और शिक्षकों ने मिलकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। स्कूल की प्रिंसिपल पूनम काल्टा ने कहा कि 'पृथ्वी दिवस' केवल एक दिन नहीं बल्कि एक विचार है, जिसे हमें अपने जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए । कार्यक्रम की शुरूआत प्रार्थना सभा में अध्यपिका दीपिका जण्डैक के भाषण के साथ हुई, जिसमें पृथ्वी के संरक्षण की आवश्यकता और जिम्मेदारियों पर प्रकाश डाला गया। सभी ने हरित जीवन शैली को अपनाने की शपथ ली।इस अवसर पर निबंध लेखन, चित्रकला पोस्टर मेंकिंग प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। शगुन सूद ने भारत भाता का रूप धारण कर पृथ्वी पर प्रदूषण, वनों की कटाई, जलवायु परिवर्तन इत्यादि के कारण पृथ्वी पर आने वाले संकट के बारे में चेताया।

### डगशाई स्कूल में भी मनाया अर्थ डे

सोलन के सीनियर सेकंडरी स्कूल डगशाई में अर्थ डे मनाया गया। इस अवसर पर भाषण, नारा लेखन, निबंध प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। स्कूल के प्रिंसिपल चंद्रदेव ठाकुर ने कहा कि पृथ्वी की रक्षा करना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है और हमें अपने छोटे-2 प्रयासों से इस धरती को भविष्य की पीढ़ियों के लिए एक बेहतर बना सकते हैं। उन्होंने सभी का आहावान किया कि वह अधिक से अधिक पेड़ लगाएं ताकि हम आने वाली पीढ़ियों को एक सुरक्षित कल दे सकें।

### हाई स्कूल धारों की धार में पृथ्वी दिवस मनाया

सोलन के हाई स्कूल धारों की धार में पृथ्वी दिवस मनाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल के हैडमास्टर कृष्ण कुमार शर्मा ने की। इस मौके पर चित्रकला,, नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया। दसवीं कक्षा की छात्रा अर्चना ने धरती मां पर भाषण प्रार्थना सभा में दिया। छटी कक्षा की शिवानी ने कविता पाठ किया। चित्रकला में ईशा पहले और गुंजन दूसरे स्थान पर और शिवानी रही। नारा लेखन में नैंसी पहले, अक्षरा दूसरे और सौम्या तीसरे स्थान पर रही। इस अवसर पर स्कूल अध्यापक राजेश कुमार, मीनू शर्मा,जगजीत सिंह, प्रतिभा कुमारी, हरदेव ठाकुर और अमरीश सिंह भी मौजूद रहे।

# एलपीजी बॉटलिंग प्लांट के समीप पराली एवं खुली आग जलाने पर प्रतिबंध

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**ऊना।** जिला ऊना के रायपुर सहोड़ा, मैहतपुर स्थित इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) एलपीजी बॉटलिंग प्लांट की सीमा दीवार से 60 मीटर की परिधि के भीतर पराली जलाने तथा किसी भी प्रकार की खुली आग जलाने से संबंधित गतिविधियों पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाया गया है। यह आदेश जिला दंडाधिकारी ऊना जतिन लाल द्वारा आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 की धारा 33 एवं 34 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जन सुरक्षा एवं संभावित आपदा की रोकथाम के दृष्टिगत जारी किए गए हैं।

उपायुक्त ने बताया कि आईओसीएल का यह एलपीजी बॉटलिंग प्लांट एक अत्यंत महत्वपूर्ण सार्वजनिक सुविधा है, जहाँ बल्क एलपीजी का भंडारण एवं घरेलू उपयोग हेतु एलपीजी सिलेंडरों में भराई की जाती है। यह प्लांट हिमाचल प्रदेश एवं पंजाब के कुछ क्षेत्रों की घरेलू एलपीजी आवश्यकताओं की पूर्ति करता है तथा इसमें लगभग 900 मीट्रिक टन अत्यधिक ज्वलनशील एलपीजी का भंडारण किया जाता है। उन्होंने कहा कि एलपीजी अत्यधिक ज्वलनशील पदार्थ है, और प्लांट के निकट पराली या अन्य किसी प्रकार की खुली आग जलाने से आगजनी एवं विस्फोट का गंभीर खतरा उत्पन्न हो सकता है, जिससे जनजीवन, सार्वजनिक संपत्ति एवं पर्यावरण को भारी क्षति पहुँचने की आशंका रहती है।

उपायुक्त ने संबंधित उपमंडल दंडाधिकारी, तहसीलदार, पुलिस तथा स्थानीय पंचायत अधिकारियों को आदेशों की कड़ाई से अनुपालना सुनिश्चित बनाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही, इन आदेशों की अवहेलना करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 की धाराओं 51 से 60 के अंतर्गत नियमानुसार कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# अर्थ डे के उपलक्ष्य में चंडीगढ़यिन सोशल ग्रुप और ऑर्गेनिक शेयरिंग ने मनाया अर्थ डे



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** अर्थ डे के उपलक्ष्य में चंडीगढ़यिन सोशल ग्रुप और ऑर्गेनिक शेयरिंग द्वारा अर्थ डे मनाया गया ! इसमें कुछ नगर निगम के पार्षदों के साथ साथ कुछ निगम के अधिकारियों ने भाग लिया ! उन्होंने कहा धरती के बिना किसी चीज का अस्तित्व नहीं है ! धरती पर वृक्ष,पानी जीवन वाहक का कार्य करते है इसलिए हमें पर्यावरण का संरक्षण करना चाहिए ताकि इस धरती पर जीवन का अतित्व कायम रखा जा सके ! इस मौके पर पौधारोपण और हवन का आयोजन किया गया जिसमें एरिया पार्षद तरुण मेहता, सीनियर डिप्टी मेयर जसबीर सिंह बंटी, पार्षद प्रेमलता नगर निगम के मेडिकल ऑफिसर डॉ इंद्रदीप कौर (एमओएच) ने विशेष तौर पर भाग लिया ! चंडीगढ़यिन ग्रुप सदस्य राहुल महाजन, राज चड्ढा, प्रदीप त्रिवेणी, यशपाल यादव, आशा चौहान, नरेश कोहली, संजीव ग्रोवर ने आयोजन से पृथ्वी मां को जीवन प्रदान करने का धन्यवाद हवन करके किया !

# कृषि संबंधी समस्याओं का पता लगाने तथा उनका समाधान करने के लिए पंचायतों का किया दौरा



अर्थ प्रकाश /देशराज

**बरठी।** कृषि विज्ञान केंद्र बरठी के प्रभारी वैज्ञानिक सीमा शाह ने कृषि विभाग के अधिकारियों संग जिला की दूर दराज की कोसरियां व पंजगाई पंचायतों का दौरा किया।

यह दौरा जिला की दूर दराज की पंचायतों की कृषि संबंधी समस्याओं का पता लगाने और उनका समाधान करने के लिए किया गया।

केवीके प्रभारी सीमा शाह ने बताया कि कोसरियाँ पंचायत वर्षा आधारित खेती करती है तथा वहाँ के लिए ज़मीकंद, दालें, हल्दी और कचालू प्रमुख फसल हो सकती है।

इस दौरे में सीमा शाह ने किसानों की गेहूँ लहसुन का भी नरीक्षण किया और किसानों को गेहूँ की कटाई और वैज्ञानिक भंडारण की सलाह दी।

इस मौके पर संबंधित पंचायतों के प्रमुख किसान और प्रधान आदि भी सम्मिलित रहे।

# एचपी इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड वॉलीबॉल टीम ने रचा इतिहास



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**ऊना।** हिमाचल प्रदेश विद्युत बोर्ड की वॉलीबॉल टीम ने बॉलीवॉल खेल में राज्य के लिए एक नया इतिहास रचा है। टीम ने महाराष्ट्र के कोल्हापुर में हुई 46वीं ऑल इंडिया इलेक्ट्रिसिटी स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड वॉलीबॉल चैंपियनशिप में पंजाब को सीधे सेटों में हराकर गोल्ड मेडल जीता। यह जानकारी टीम के कोच सतीश शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि महाराष्ट्र के कोल्हापुर स्थित शिवाजी यूनिवर्सिटी ग्राउंड में 17 से 19 अप्रैल तक हुई इस चैंपियनशिप में हिमाचल प्रदेश की वॉलीबॉल टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विरोधी टीमों को हराया। हिमाचल प्रदेश इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड की टीम का फाइनल मुकाबला पंजाब के साथ खेला गया। जिसमें हिमाचल की टीम में पंजाब को सीधे सैट में 3-0 से पराजित करके चैंपियनशिप अपने नाम की। वॉलीबॉल टीम के कप्तान अभिषेक सोनी के नेतृत्व में टीम ने उम्दा प्रदर्शन किया।

# मंडी समिति बिलासपुर की बैठक संपन्न



अर्थ प्रकाश / अजय मल्होत्रा

**शाहतलाई।** कृषि उपज मंडी समिति बिलासपुर की बैठक अध्यक्ष कृषि उपज मंडी सतपाल वर्धन की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में गत बैठक की कार्यवाही पर चर्चा की गई। तथा माह जनवरी से मार्च तक समिति की आय-व्यय का अनुमोदन भी किया गया।

उन्होंने बताया कि किसी उपज मंडी समिति द्वारा अपने अधिसूचित क्षेत्र में वर्ष 25- 26 हेतु 92 लाइसेंसो का पंजीकरण किया गया है। वर्ष 2025-26 हेतु लाईसेंन्स के पंजीकरण का अनुमोदन । सचिव द्वारा सदन को अवगत करवाया गया कि कृषि उपज मण्डी समिति द्वारा अपने अधिसूचित क्षेत्र में वर्ष 2025-26 (08 अप्रैल 2025) तक 84 न0 लाईसैन्सो का नवीनीकरण व 08 नं0 नये लाईसेन्स कुल 92 नं0 लाईसेंन्सों का पंजीकरण किया गया है। जिनका समिति द्वारा अनुमोदन किया जाना है। विस्तृत चर्चा उपरान्त सदन द्वारा सर्व सहमति से प्रस्ताव का अनुमोदन कर दिया गया ।

प्रस्ताव सं0 4 मुख्य मण्डी यार्ड बिलासपुर में वर्ष 2025-2026 में सफाई कार्य को ठेके पर देने की स्वीकृति बारे ।

उप मण्डी निहाल का भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मन्त्रालय द्वारा संचालित के अन्तर्गत विस्तारीकरण करने हेतु बनाई गई डीपीआर की राशि का अनुमोदन ।

वर्ष 2024-2025 में कृषि उपज के व्यापारियों के वार्षिक व्यापार के लेखाओं का निर्धारण करने बारे । सचिव द्वारा सदन को अवगत करवाया गया कि कृषि उपज मण्डी समिति बिलासपुर द्वारा वर्ष 2024-2025 में जिला बिलासपुर के अधिसूचित क्षेत्र में कृषि उपजों का व्यापार कर रहे ब्यापारियों के वर्ष 2023-24 के लेखाओं का निर्धारण किया गया है उप समितियों की बैठकों में लिए गए निर्णयों के अनुमोदन बारे।.

कृषि उपज मण्डी सगिति बिलासपुर की मुख्य मण्डी / उप मण्डियों / बहुउद्देशीय कम्पलैक्स में खाली पडी दुकानों को किराये पर आवंटित करने बारे ।

किसान विश्राम गृह की वस्तुओं के रख रखाव हेतु 1 नं0 स्टील का सन्दूक / पेटी खरीदने बारे ।

सचिव द्वारा सदन को अवगत करवाया गया कि कृषि उपज मण्डी समिति के मुख्य मण्डी परिसर में स्थित किसान विश्राम गृह की वस्तुओं को रखने हेतु 1 नं0 स्टील का सन्दूक / पेटी खरीदी जानी अति आवश्यक है ताकि किसान विश्राम गृह की बस्तुओं को किसी प्रकार के नुक्सान से बचाया जा सके /कृषि उपज मण्डी समिति के मुख्य मण्डी परिसर के बूथों / दुकानों के किरायेदारों द्वारा किराया ना जमा करवाने बारे ।

सचिव द्वारा सदन को अवगत करवाया गया कि कृषि उपज मण्डी समिति द्वारा पत्राचार व दूरभाष के माध्यम से बूथों / दुकानो के किरायेदारों से बार-बार अनुरोध करने उपरान्त भी मुख्य मण्डी परिसर में स्थितं बूथों / दुकानों के किरायेदारों द्वारा काफी लम्बे समय से किराया जमा नहीं करवाया जा रहा है। मुख्य सब्जी मण्डी यार्ड के सामने निजी दुकानों में फल एवं सब्जी के थोब कारोबार करने वाले ब्यापारियों के सन्दर्भ में । सचिव द्वारा सदन को अवगत करवाया कि कृषि उपज मण्डी समिति बिलासपुर क मुख्य मण्डी परिसर की धरातल मजिल में 10 दुकाने तथा बहुउद्देशीय 'कम्पलैक्स में 4 दुकाने है विभिन्न आढतियों को फल एवं सब्जी के थोक कारोबार हेतु आवंटित की गई हैं। विभिन्न विकासनात्मक कार्यों के प्राकलनों का अनुमोदन करवाने बारे सचिव द्वारा सदन को अवगत करवाया गया कि कृषि उपज मण्डी समिति बिलासपुर द्वारा विभिन्न निर्माण / मुरम्मत कार्य को करवाने हेतु हि0प्र0 विपणन बोर्ड की तकनिकी शाखा के कनिष्ठ अभियन्ता द्वारा अनुमानित प्राक्लन बनवाये गये है कृषि उपज मण्डी समिति बिलासपुर हेतु वाहन खरीदने बारे ।

## न्यूज ब्रीफ


### 100 अप्रेन्टस ट्रेनी के लिए कैंपस इंटरव्यू 25 अप्रैल को

**सोलन (अप्रस)।** महिन्द्रा एण्ड महिन्द्रा लिमिटिड, स्वराज डिवीजन प्लांट-1 फेज-4, औद्योगिक क्षेत्र एस.एस. नगर मोहाली, पंजाब में 100 अप्रेन्टस ट्रेनी के लिए कैंपस इंटरव्यू 25 अप्रैल, 2025 को जिला रोजगार कार्यालय सोलन में आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी जिला रोजगार अधिकारी सोलन जगदीश कुमार ने दी। जगदीश कुमार ने कहा कि अप्रेन्टस ट्रेनी के लिए शैक्षणिक योग्यता डिप्लोमा इलेक्ट्रिकल एण्ड मैकेनिकल, आई.टी.आई, मोटर मेकैनिक व्हीकल, टर्नर, डीजल मेकैनिक, फीटर, मशीनिस्ट व पेंटर तथा आयु 21 से 36 वर्ष के मध्यम होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इच्छुक उम्मीदवार अपनी योग्यता सम्बन्धी सभी अनिवार्य प्रमाण-पत्र व दस्तावेजों सहित जिला रोजगार कार्यालय सोलन में 25 अप्रैल, 2025 को प्रातः 10.30 बजे पहुंचकर कैंपस इंटरव्यू में भाग ले सकते है। उन्होंने कहा कि कैंपस इंटरव्यू में भाग लेने के लिए उम्मीदवार को कोई भी यात्रा-भत्ता देय नहीं होगा।

### गगरेट में 26, हरोली में 28 और बंगाणा में 6 को स्थानीय अवकाश

**ऊना (अप्रस)।** उपायुक्त एवं जिला दंडाधिकारी जतिन लाल ने शिवबाड़ी मेला, राज्य स्तरीय हरोली उत्सव तथा जिला स्तरीय पिपलू मेले के अवसर पर संबंधित उपमंडलों में स्थानीय अवकाश घोषित करने के आदेश जारी किए हैं। आदेश के मुताबिक 26 अप्रैल (शनिवार) को उपमंडल गगरेट में शिवबाड़ी मेले, 28 अप्रैल (सोमवार) को उपमंडल हरोली में राज्य स्तरीय हरोली उत्सव और 6 जून (शुक्रवार) को उपमंडल बंगाणा में पिपलू मेले के उपलक्ष्य में स्थानीय अवकाश घोषित किए हैं। इसके अलावा उपायुक्त ने बताया कि ऊना और अंब उपमंडल के अधिकार क्षेत्र में लागू स्थानीय अवकाश की अधिसूचना यथासमय जारी की जाएगी।

### पर्यावरण के संरक्षण और संवर्धन के जागरूकता अभियान आयोजित




**चंडीगढ़ (अप्रस)।** जय मधुसूदन जय श्रीकृष्ण फाउंडेशन और राजकीय उच्च विद्यालय सेक्टर 46 चंडीगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर पर्यावरण के संरक्षण और संवर्धन के जागरूकता अभियान के तहत पर्यावरण पाठशाला का आयोजन किया गया और विद्यालय की ओर से पौधारोपण किया गया। प्रधानाध्यापक राजिंदर सिंह ने इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता जय मधुसूदन जय श्रीकृष्ण फाउंडेशन के संस्थापक पर्यावरण सेवक प्रभुनाथ शाही और मुख्य अतिथि क्लस्टर हेड इको क्लब बलजिंदर कौर का हार्दिक स्वागत करते हुए सभी को विश्व पृथ्वी दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ दिए । पर्यावरण सेवक प्रभुनाथ शाही ने बताया कि पृथ्वी दिवस के पावन अवसर पर हम सभी को पेड़,पानी और कचरा प्रबंधन के लिए सक्रियता से कार्य करने का संकल्प लेना चाहिए और अपने दिनचर्या को पर्यावरण परक बनाना चाहिए।उन्होंने बताया कि जे एम जे एस फाउंडेशन का मिशन हमारा काम धरती माता के नाम है और उनके पर्यावरण संरक्षण के सभी कार्य धरती माता को समर्पित है।विद्यालय के साथ मिलकर बहुत जल्द प्लास्टिक प्रदूषण के उचित निपटान के लिए कार्य किया जाएगा। इको क्लब क्लस्टर हेड बलजिंदर कौर ने सभी को पौधारोपण के महत्व को समझाते हुए औषधीय पौधों के महत्व और उसके उपयोगिता को हमारे जीवन में विस्तारपूर्वक समझाए।

# स्वच्छता अभियान और इको क्लब इंचार्ज शिक्षकों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम के साथ मनाया गया विश्व पृथ्वी दिवस

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़,।** शहर की स्वयंसेवी संस्था युवसत्ता, सेंट स्टीफन स्कूल, देव समाज कॉलेज ऑफ एजुकेशन और पर्यावरण विभाग, चंडीगढ़ प्रशासन ने मंगलवार को 55वें विश्व पृथ्वी दिवस को सच्ची भावना और क्रियाशीलता के साथ मनाते हुए सबसे पहले सेक्टर 42 स्थित मिनी लेक में सफाई अभियान के साथ दिन की शुरुआत की। इसके बाद देव समाज कॉलेज ऑफ एजुकेशन, सेक्टर-36 में इको क्लब इंचार्ज शिक्षकों के लिए एक ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया और साथ ही स्कूलों और कॉलेजों के लिए ग्रीन रेटिंग का शुभारंभ किया गया।

मंगलवार को सुबह सबसे पहले सेंट स्टीफन स्कूल के 50 स्टूडेंट्स ने युवसत्ता के स्वयंसेवकों के साथ मिलकर मिनी लेक और उसके आसपास पड़े 200 किलोग्राम से अधिक कूड़े-कचरे को एकत्र किया। इसके बाद देव समाज कॉलेज ऑफ एजुकेशन में इको क्लब इंचार्ज शिक्षकों के लिए आयोजित ओरिएंटेशन कार्यक्रम में उपस्थित प्रमुख लोगों में यूटी प्रशासन के पर्यावरण विभाग के अतिरिक्त निदेशक और उप वन संरक्षक अनूप कुमार सोनी, प्रिंसिपल प्रो. ऋचा शर्मा, युवसत्ता (यूथ फॉर पीस) के संस्थापक प्रमोद शर्मा, वाइल्ड इकोलॉग्स, हिमाचल प्रदेश के डॉयरेक्टर आशीष शाह, जलवायु वास्तविकता परियोजना, भारत और दक्षिण एशिया के जलवायु वास्तविकता परियोजना की लीड-ग्रीन कैंपस प्रोग्राम रेखा लल्ला और चंडीगढ़ के पर्यावरण विभाग में वैज्ञानिक बृज भूषण शामिल थे।

इस पूरी पहल की सराहना करते हुए तथा शहर के 150 से अधिक स्कूलों व कॉलेजों से आए इको क्लब इंचार्ज शिक्षकों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि अनूप कुमार सैनी ने कहा कि विश्व पृथ्वी दिवस हमें याद दिलाता है कि सबसे छोटा बदलाव भी बड़ा बदलाव ला सकता है। पृथ्वी बोल रही है - आइए हम ऐसी पीढ़ी बनें जो सुनती है। आज का दिन सिर्फ़ ग्रह से प्यार करने का नहीं है, बल्कि इसे दिखाने का है। सभी को 'पृथ्वी दिवस' की शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि 'हमारे विकल्प मायने रखते हैं' और स्वच्छ सांस लेने के लिए हम सभी को पर्यावरण के अनुकूल बनना होगा।

रिसोर्स पर्सन्स ने युवा विद्यार्थियों के बीच हरित जीवन की भावना को और अधिक बढ़ावा देने तथा उसे मजबूत करने के लिए कई आसान गतिविधियों को साझा किया। युवसत्ता के संस्थापक प्रमोद शर्मा ने अपने समापन भाषण में एक प्रसिद्ध कहावत साझा की, 'मुझे बताओ और मैं भूल जाऊंगा, मुझे सिखाओ और मैं याद रखूंगा, मुझे शामिल करो और मैं सीखूंगा'।

### ब्राह्मणों पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले अनुराग पर भड़की शिव सेना

**ऊना (अप्रस)।** शिवा सेना बाला साहेब ठाकरे ( शिंदे गुट ) के राज्य प्रमुख शिव दत्त विशिष्ट ने मीडिया में जानकारी देते हुए बताया कि गत दिनों बॉलीवुड के एक अभिनेता व डायरेक्टर अनुराग कश्यप द्वारा सोशल मीडिया पर पोस्ट कर ब्राह्मणों पर अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया था। जिस में उसने लिखा था कि मैं ब्राह्मणों पर उत्सर्जन करूँगा। इस पर शिव सेना के राज्य प्रमुख शिव दत्ता विशिष्ट द्वारा कहा गया कि वह महाराष्ट्र और हिमाचल प्रदेश दोनों राज्यों की सरकार से माँग करते हैं कि ऐसे लोगों पर कड़ी कार्यवाही की जाए। उन्होंने आगे कहा कि भारत की जनता ये ना भूलें कि एक ब्राह्मण द्वारा ही स्वतंत्रता संग्राम की शुरुआती लड़ाई लड़ी गई थी। ब्राह्मण समाज ने देश को कई योद्धा दिए।आज़ादी से अब तक शासन और प्रशासन के कई उच्च दायित्वों पर ब्राह्मण समाज के लोगों अपनी कड़ी मेहनत से देश सेवा में जुटे हुए हैं।देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू से लेकर आंतरिक्ष में पहुँचने वाले पहले भारतीय राकेश शर्मा और कारगिल युद्ध में वीर गति को प्राप्त हुए कैप्टन अनमोल कालिया ये सब ब्राह्मण कुल में पैदा हुए थे।

# पोषण पखवाड़ा के तहत धंग्यारा स्कूल में खंड स्तरीय जागरूकता शिविर का आयोजन



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**गोहर।** पोषण पखवाड़ा 8 अप्रैल से 22 अप्रैल तक पोषण पर जागरूक करने पर अभियान के अंतर्गत बाल विकास परियोजना गोहर द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला धंग्यारा में बाल परियोजना अधिकारी बी एल चौहान की अध्यक्षता में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया ।

कार्यक्रम में बी एल चौहान के द्वारा पोषण पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत बच्चों को पोषण अभियान के उद्देश्य स्वस्थ और पौष्टिक भोजन के महत्व के बारे में स्कूली छात्रों को जागरूक किया गया। उन्होंने कहा कि हमारे शरीर के स्वस्थ और मजबूत रहन के लिए पौष्टिक आहार मिलना बहुत जरूरी है इसलिए पौष्टिक आहार में फल सब्जियां, अनाज ,दालें, दूध को अपनी आहार प्रणाली में जोड़ा क्योंकि हमारे शरीर के विकास के लिए कैल्शियम, प्रोटीन, फाइबर, कार्बोहाइड्रेट, विटामिन ,मिनरल जैसे अनेकों तत्व हमें फल, सब्जियों, अनाज, दालों के माध्यम से ही प्राप्त होते हैं ,जिससे आपका शरीर स्वस्थ रहेगा और शरीर का विकास बेहतर तरीके से होगा और आप बीमारियों से भी बचे रहेंगे ।

# बंजार ब्लॉक के किसानों ने गोहर खंड के न्यूरी में प्राकृतिक खेती फार्म का किया भ्रमण

अर्थ प्रकाश /सुभाग सचदेवा



**गोहर।** कृषि विभाग आत्मा परियोजना कुल्लू व किसान प्रशिक्षण केंद्र सुंदरनगर के सौजन्य से बंजार ब्लॉक के 33 किसानों को विकास खंड गोहर के न्यूरी में प्राकृतिक विधि यामी गौतम फॉर्म का कृषक भ्रमण करवाया गया । किसान प्रशिक्षण केंद्र सुंदरनगर के उप प्रधानाचार्य डॉ ओम प्रकाश ने बताया कि इन 33 किसानों को प्राकृतिक विधि की तकनीकों बारे तीन दिनों के लिए कृषि प्रशिक्षण केंद्र सुंदरनगर में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसके अंतर्गत दूसरे दिन किसानों को न्यूरी का भ्रमण करवाया गया । यहां किसानों को प्राकृतिक हल्दी लकाडोंग, मेघा, काली हल्दी , काली अदरक, प्लम, संतरे, लहसुन की फसलों का निरीक्षण करवाया गया । प्राकृतिक विधि से पैदावार करने पर मिट्टी की गुणवत्ता में सुधार, मिट्टी के संरक्षण, जैव विविधता, फसलों की गुणवत्ता, उत्पादकता पर भी किसानों को विस्तृत रूप में बताया ।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए अनेकों कार्य कर रही है। गत वर्ष प्राकृतिक विधि से पैदा मक्की की खरीद की गई थी। इस बार रबी फसल में प्राकृतिक विधि से पैदा गेहूं को सरकार 60 रुपये न्यूनतम समर्थन मूल्य के आधार पर खरीदेगी। हाल ही में सरकार ने प्राकृतिक विधि से पैदा हल्दी 90 रुपये न्यूनतम समर्थन मूल्य के आधार पर खरीदने का निर्णय लिया है । इस अवसर पर खंड तकनीकी प्रबंधक डॉ विजय द्वारा उपस्थित किसानों को प्राकृतिक विधि से पैदा की जा रही खेती पर संपूर्ण जानकारी दी गई ?। उन्होंने बताया कि गोहर ब्लाक में लगभग चार हजार किसानों को प्राकृतिक खेती का प्रशिक्षण दिया गया जिसमें से लगभग 3200 किसान 540.72 हेक्टेयर भूमि में प्राकृतिक खेती के अंतर्गत गोभी, लहसुन, मक्की, गेहूं व अन्य फसलों का उत्पादन कर रहे हैं।

इस अवसर पर किसानों को प्राकृतिक विधि से उपयोग होने वाले घटकों जीवामृत, घन जीवामृत बनाने की विधि के बारे में बताया गया तथा इसके खेती में प्रयोग होने वाली विधियों से भी उन्हें अवगत करवाया गया । इस अवसर पर प्रशिक्षण अधिकारी सुंदर नगर डा राजीव शर्मा, डॉ सुधीर कुमार, सहायक तकनीकी प्रबंधक विकासखंड बंजार डा यादवेन्द्र कुमार,तकनीकी प्रबंधक डॉ मुरारी व किसान उपस्थित रहे।

# हरियाणा में भविष्य के शहरों की नींव: पंचकूला में अर्बन इनोवेशन एंड इंफ्रास्ट्रक्चर पर हुई समिट

अर्थ प्रकाश /दयाराम वशिष्ठ




**पंचकुला/फरीदाबाद।** मंगलवार को पंचकूला में आयोजित अर्बन इनोवेशन एंड इंफ्रास्ट्रक्रर समिट में हरियाणा सरकार के शहरी स्थानीय निकाय, राजस्व, आपदा प्रबंधन एवं नागरिक उड्डयन मंत्री श्री विपुल गोयल ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने राज्य सरकार द्वारा शहरी विकास, अधोसंरचना और नवाचार के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों की जानकारी साझा की।

अपने संबोधन में श्री गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा ने शहरी योजनाओं को धरातल पर उतारने में उल्लेखनीय कार्य किया है। उन्होंने गुरुग्राम में विकसित हो रही 'ग्लोबल सिटी' परियोजना का उल्लेख करते हुए कहा कि यह परियोजना फ्यूचर सिटी प्लानिंग का उदाहरण है, जो भारत की एआई मिशन का समर्थन करेगी और चार लाख से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार देगी।

उन्होंने किफायती घर, स्मार्ट मोबिलिटी, वेस्ट एंड वाटर मैनेजमेंट और पीपीपी मॉडल्स के माध्यम से प्रदेश में चल रहे कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सोनीपत में 1600 फ्लैट्स को 25 वर्षों के लिए किराए पर उपलब्ध कराने की योजना तैयार की गई है, जो आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए राहत साबित होगी।

विपुल गोयल ने कहा कि गुरुग्राम में पीपीपी मॉडल के तहत 23 चौराहों पर 400 कैमरे और रडार सिस्टम लगाए जा रहे हैं जो यातायात प्रबंधन को और अधिक स्मार्ट और सुरक्षित बनाएंगे। इसके अलावा उन्होंने कैच द रैन अभियान के हरियाणा से राष्ट्रीय शुभारंभ का उल्लेख किया और बताया कि मुख्यमंत्री जल संचय योजना एवं वाटर रिसोर्स एटलस जैसे प्रयास जल संरक्षण में अहम भूमिका निभा रहे हैं। अपने संबोधन के दौरान श्री गोयल ने कहा कि हमारी राजनीति केवल बयानों की नहीं बल्कि निर्माणों की है। हमने वह राजनीति अपनाई है जिसमें जो अच्छा हुआ है उसे बेहतर बनाना है और जो बेहतर है उसे उत्तम बनाना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने हमें यही सिखाया है। उन्होंने यह भी कहा कि कुछ दल आज भी 60 साल पहले के काम गिनाकर 600 साल तक शासन करना चाहते थे, जबकि हम रोज़ नई सोच और नई दिशा पर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जनता ने हमें स्थिर सरकार दी है और यह स्थिरता ही हमारी ताकत है। हमारी प्राथमिकता अपने या सरकार के भविष्य की नहीं, बल्कि प्रदेश के भविष्य की है। उन्होंने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि एक राष्ट्रीय पार्टी छह महीने में नेता प्रतिपक्ष तक तय नहीं कर पा रही है, ऐसे में नीति और विकास की बात उनसे क्या ही होगी।

# पीएम राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए 31 जुलाई तक करें आवेदन: डीसी

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**फरीदाबाद।** उपायुक्त (डीसी) विक्रम सिंह ने बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए 31 जुलाई तक नामांकन आमंत्रित किए गए हैं। इनमें राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के तहत बहादुरी, खेलकूद, सोशल साइंस, विज्ञान एवं तकनीक पर्यावरण सहित आर्ट एवं कल्चर के क्षेत्र में असाधारण उपलब्धि हासिल करने वाले बच्चे जिनकी आयु 31 जुलाई को 5 वर्ष से लेकर 18 वर्ष तक हो, को वर्ष 2026 के जनवरी माह में आयोजित होने वाले समारोह में राष्ट्रपति द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अवार्ड की घोषणा 26 दिसंबर 2025 को राष्ट्रीय वीर बाल दिवस के अवसर पर की जाएगी।

डीसी ने बताया कि बाल पुरस्कार में विभिन्न श्रेणियों के तहत कुल 25 बच्चों का चयन किया जाएगा। पुरस्कारों में एक मैडल सहित प्रशस्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने चयन प्रक्रिया की जानकारी देते हुए बताया कि सर्वप्रथम स्क्रीनिंग कमेटी द्वारा प्राप्त आवेदनों की छंटनी की जाएगी उसके उपरांत फाइनल नामों का सिलेक्शन नेशनल कमेटी द्वारा किया जाएगा। डीसी ने बताया कि राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए राज्य सरकार, केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन, जिला कलेक्टर/जिला मजिस्ट्रेट, पंचायती राज संस्थाएं। सभी केंद्रीय और राज्य स्कूल बोर्ड, केंद्रीय विद्यालय संगठन, नवोदय विद्यालय संगठन, राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग, राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग और राष्ट्रीय जन सहयोग और बाल विकास संस्थान, सामाजिक न्याय मंत्रालय, विकलांग विभाग, शिक्षा मंत्रालय में स्कूल शिक्षा विभाग, स्कूल शिक्षा के सभी राज्य विभाग, युवा मामले मंत्रालय, खेल विभाग, भारतीय खेल प्राधिकरण, संस्कृति मंत्रालय, विज्ञान मंत्रालय और प्रौद्योगिकी, पर्यावरण और वन मंत्रालय, रक्षा मंत्रालय, गृह मंत्रालय और प्रेस सूचना ब्यूरो सहित राष्ट्रीय चयन समिति नॉमिनेट कर सकती हैं।

# पृथ्वी दिवस पर पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** श्रीमती सिकंदरा देवी ट्रस्ट ने महर्षि दयानंद पब्लिक स्कूल, एमडीएवी भवन, दरिया, चंडीगढ़ में पृथ्वी दिवस पर पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने पृथ्वी दिवस पर संदेश से परिपूर्ण और जागरूक करने वाले पोस्टर बनाए । उन्होंने बढ़ते प्रदूषण और ग्लोबल वार्मिंग पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदूषण के कारण समस्याएं अधिक बड़ी है। विद्यार्थियों ने पोस्टर के माध्यम से लोगों को जागरूक करते हुए बताया कि प्रदूषण बढ़ने से पर्यावरण में असंतुलन पैदा हुआ है। वातावरण को शुद्ध बनाए रखने के लिए पौधारोपण जरूरी है । उन्होंने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग के कारण धरती पर खतरा मंडरा रहा है यह जीव जंतुओं के लिए भी घातक है। स्कूल की वाइस प्रिंसिपल डॉ. अंजू मोदगिल ने कहा कि बाजार में शॉपिंग करते कपड़े या जूट के थैलों का इस्तेमाल करें। उन्होंने कहा कि मनुष्य स्वार्थ के वशीभूत लगातार पेड़ों को काट रहा है। प्रदूषण से जल, थल और नभ भी अछूते नहीं हैं। उन्होंने कहा कि यदि धरती पर अधिक संख्या में पौधे लगाए जाते हैं तो पर्यावरण साफ- सुथरा रह सकता है। उन्होंने कहा कि अभिभावक भी धरा को सुंदर और हरा भरा बनाने में सहयोग दें।

## न्यूज ब्रीफ

### पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित



**अम्बाला (जयबीर राणा थंबड)।** पृथ्वी दिवस के अवसर पर सेरिनिटी इंटरनेशनल स्कूल में एक विशेष पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के छात्रों और शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और प्रकृति से जुड़ाव को प्रोत्साहित करना था। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या अंजू अरोड़ा ने बच्चों को पृथ्वी संरक्षण के महत्व पर संबोधित किया और कहा, 'हर पौधा, हर प्रयास आने वाली पीढ़ियों के लिए एक सुरक्षित और स्वस्थ भविष्य की ओर कदम है।' छात्रों ने न केवल पौधे लगाए, बल्कि पोस्टर और भाषणों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। पृथ्वी दिवस का यह आयोजन न केवल एक दिन की गतिविधि था, बल्कि यह बच्चों के मन में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी और संवेदनशीलता की भावना जगाने की एक प्रेरणादायक पहल रही।

### दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया गया पृथ्वी दिवस



**समालखा(मनदीप कुमार)।** दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल का प्रांगण प्रकृति के प्रति प्रेम और समर्पण के जीवंत रंगों से सराबोर हो उठा। पृथ्वी दिवस के अवसर पर स्कूल के ऑडिटोरियम में आयोजित विशेष सभा एक ऐसा प्रेरणादायक अनुभव साबित हुई जिसने न केवल पर्यावरण संरक्षण के महत्त्व को रेखांकित किया बल्कि विद्यार्थियों के हृदय में प्रकृति के प्रति गहरी ज़िम्मेदारी की भावना भी जगाई। कक्षा तीसरी से बारहवीं तक के ऊर्जावान विद्यार्थियों ने अपनी कला और विचारों के माध्यम से एक शक्तिशाली संदेश दिया। कक्षा छठी के छात्रगण के द्वारा मनमोहक नाट्य-नृत्य ने प्रकृति की सुंदरता और उसके संरक्षण की अनिवार्यता को अत्यंत मार्मिक ढंग से प्रस्तुत किया। इसके पश्चात विद्यार्थियों के ओजस्वी भाषणों ने सभागार में जोश और जागरूकता की लहर पैदा कर दीं। उन्होंने पर्यावरण से जुड़े ज्वलंत मुद्दों पर बेबाकी से अपनी राय रखी और साथी विद्यार्थियों को इस महत्त्वपूर्ण कार्य में सक्रिय योगदान देने के लिए प्रेरित किया। प्रकृति के सौंदर्य और उसके प्रति कृतज्ञता को समर्पित एक मधुर गायन प्रस्तुति ने सभी श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। सभा का समापन एक ऐसे क्षण के साथ हुआ, जिसने सभी को एकजुट कर दिया और वहाँ पर उपस्थित अध्यापकगण व छात्रगण ने मिलकर एक स्वर में पृथ्वी को बचाने का दृढ़ संकल्प लिया। दूसरी ओर हमारे नन्हें पर्यावरण प्रहरी कक्षा नर्सरी से दूसरी तक के विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता के अनूठे रंगों से पृथ्वी दिवस को सजाया। उनकी छोटी-छोटी उँगलियों ने पृथ्वी में रंग भरना (ईयरबड्स के साथ), पेपर कटिंग, थंब पेंटिंग और विज्ञान गतिविधि- पृथ्वी दिवस (पृथ्वी बनाना) जैसी गतिविधियों के माध्यम से बड़े और गहरे संदेश दिए। इन मासूम प्रयासों ने यह दर्शाया कि पर्यावरण संरक्षण की भावना उम्र की सीमाओं से परे है।

# डॉ. मनमोहन सिंह हॉल होगा पंजाब विश्वविद्यालय आर्ट्स ब्लॉक-3 का नामकरण

## डॉ. मनमोहन सिंह के सम्मान में दमन सिंह करेंगी कॉलोक्वियम व्याख्यान

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** प्रसिद्ध लेखिका सुश्री दमन सिंह 25 अप्रैल 2025 को सुबह 11 बजे चंडीगढ़ के सेक्टर 14 स्थित पंजाब विश्वविद्यालय सभागार में डॉ. मनमोहन सिंह ~ द क्विंटेसेंशियल स्कॉलर (डॉ. मनमोहन सिंह~ एक सच्चे विद्वान) विषय पर प्रतिष्ठित पंजाब विश्वविद्यालय कॉलोक्वियम व्याख्यान देंगी। यह विशेष व्याख्यान पंजाब विश्वविद्यालय परिसर में आर्ट्स ब्लॉक-3 का नामकरण 'डॉ. मनमोहन सिंह हॉल' करने और विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र तथा भारत के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के सम्मान में एक स्मारक पट्टिका के अनावरण के अवसर पर आयोजित किया जा रहा है। डॉ. सिंह की पुत्री सुश्री दमन सिंह स्ट्रिक्टली पर्सनल~ मनमोहन एंड गुरशरण की लेखिका हैं। दमन सिंह डॉ. सिंह के निजी जीवन और उनके मूल्यों के बारे में व्यक्तिगत कहानियाँ साझा करेंगी। यह व्याख्यान डॉ. सिंह के जीवन और विरासत पर एक खास नजरिया देगा।

उनके माता-पिता के जीवन, राजनीति और सार्वजनिक सेवा की साझा यात्रा को दर्शाने वाली यह एक मार्मिक जीवनी है। इस कॉलोक्वियम की अध्यक्षता पंजाब विश्वविद्यालय के कुलपति और कॉलोक्वियम श्रृंखला की संरक्षक प्रोफेसर रेणु विग करेंगी।

सुश्री सिंह व्यक्तिगत संस्मरण और पोषित यादें भी साझा करेंगी, जो भारत के सबसे सम्मानित राजनेताओं में से एक के निजी जीवन की एक हृदयस्पर्शी झलक होगी। यह सार्वजनिक व्याख्यान डॉ. सिंह के जीवन, विरासत और मूल्यों पर एक दुर्लभ व्यक्तिगत और बौद्धिक दृष्टिकोण प्रस्तुत करेगा। दमन सिंह एक जानी-मानी लेखिका हैं, जिन्होंने ग्रामीण विकास में काम किया और फिर लेखन शुरू किया। उन्होंने दिल्ली के सेंट स्टीफंस कॉलेज से गणित में डिग्री और आनंद के इंस्टीट्यूट ऑफ रूरल मैनेजमेंट से पोस्ट ग्रेजुएट की डिग्री ली है। उनकी गैर-काल्पनिक कृतियों में द लास्ट फ्रंटियर~ पीपल एंड फॉरेस्ट्स इन मिजोरम, स्ट्रिक्टली पर्सनल~ मनमोहन एंड गुरशरण, और एसाइलम~ द बैटल फॉर मेंटल हेल्थकेयर इन इंडिया जबकि काल्पनिक रचनाओं में उपन्यास नाइन बाय नाइन, द सेक्रेड ग्रोव, और किटीज़ वॉर शामिल हैं। पंजाब यूनिवर्सिटी कॉलोक्वियम सीरीज एक महत्वपूर्ण मंच है, जो विद्वानों, उद्योग जगत की हस्तियों, नेताओं और विशेषज्ञों को छात्रों, शिक्षकों और समाज के साथ विचारों के आदान-प्रदान के लिए एक साथ लाता है। यह विज्ञान, तकनीक, व्यवसाय, संस्कृति और नीति जैसे क्षेत्रों में चर्चा को बढ़ावा देता है। यह बौद्धिक आदान-प्रदान को प्रोत्साहित करने के साथ साथ समकालीन मुद्दों पर विचार-विमर्श को बढ़ावा देता है।

# इंदिरा गांधी महिला महाविद्यालय में भव्य विदाई समारोह आयोजित

**कैथल (अप्रस)।** इंदिरा गांधी पीजी महिला महाविद्यालय में आज स्नातक द्वितीय वर्ष एवं स्नातकोत्तर प्रीवियस ईयर की छात्राओं द्वारा सीनियर छात्राओं के सम्मान में एक भव्य फेयरवेल समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कॉलेज प्रबंधक समिति के प्रधान राम बहादुर खुरानिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कॉलेज की प्राचार्या डॉ. आरती गर्ग और सायंकालीन सत्र की प्रभारी डॉ. श्वेता तंवर ने उनका स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। फैशन शो, नृत्य, गीत-संगीत और संस्मरणों से सजे इस आयोजन में सीनियर छात्राओं के योगदान को यादगार बनाया गया। छात्राओं ने शिक्षकों के प्रति अपनी कृतज्ञता को सुंदर शब्दों में व्यक्त किया और माहौल को भावनात्मक बना दिया। कार्यक्रम का समापन जोश, उमंग, आभार और प्रेरणा के साथ हुआ।

# अवैध शराब बेचते आरोपी गिरफ्तार, साढ़े 24 बोतल अवैध शराब बरामद

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**समालखा।** अवैध शराब तस्करी व खुर्दो पर अंकुश लगा आरोपियों की धरपकड़ के लिए पानीपत पुलिस द्वारा स्पेशल अभियान चलाया हुआ है। अभियान के तहत थाना समालखा पुलिस की टीम ने सोमवार को जेएस फैक्टरी के पास परचून की दुकान के बाहर अवैध शराब बेचते एक युवक को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से साड़े 24 बोतल अवैध देसी शराब बरामद की गई।

थाना समालखा प्रभारी सब इंस्पेक्टर दीपक ने बताया कि थाना समालखा की एक टीम सोमवार को गश्त व जांच पड़ताल के दौरान समालखा बापौली रोड पर अग्रवाल कॉलोनी के पास मौजूद थी। टीम को तभी गुप्त सूचना मिली की जेएस फैक्टरी के पास स्थित परचुन दुकान के बाहर दुकान संचालक राजेश अवैध रूप से शराब बेच रहा है।

पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी तो दुकान के बाहर एक युवक खड़ा दिखाई दिया। जिसके पास गत्ता पेटी रखी हुई थी। टीम ने युवक को काबू कर पूछताछ की तो उसने अपनी पहचान राजेश पुत्र धर्मपाल निवासी जेएस फैक्टरी भापरा के रूप में बताई। पास में रखी गत्ता पेटी को चेक करने पर 24 अध्धे, 50 पव्वे अवैध देसी शराब मार्का रसीला संतरा बरामद हुई।

प्रभारी सब इंस्पेक्टर दीपक ने बताया कि बरामद अवैध देसी शराब को कब्जा पुलिस में लेकर आरोपी के खिलाफ थाना समालखा में एक्साइज एक्ट के तहत अभियोग दर्ज कर मंगलवार को पूछताछ के बाद आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया जहा से उसे न्यायिक हिरासत जेल भेज दिया गया।

# फ़रीदाबाद की बेटी रिद्धिमा कौशिक ने किक बॉक्सिंग वर्ल्ड कप में जीते 4 स्वर्ण पदक

थाइलैंड की राजधानी बैंकाक में आयोजित प्रतियोगिता में फ़रीदाबाद की बेटी ने किया भारत का नाम रोशन

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**फ़रीदाबाद।** फ़रीदाबाद ज़िले की बेटी रिद्धिमा कौशिक ने थाईलैंड की राजधानी बैंकाक में आयोजित हो रही वर्ल्ड कप किक बॉक्सिंग में 4 स्वर्ण पदक जीत कर भारत देश,हरियाणा प्रदेश,फ़रीदाबाद ज़िले के साथ साथ ब्लांक डीटू मकान न0 91 सेक्टर 10 का नाम रोशन करने का काम किया,आज भाजपा के वरिष्ठ नेता व अधिवक्ता शिवदत्त वशिष्ठ एडवोकेट ने घर पहुँच कर फूलों का गुलदस्ता देकर स्वागत किया।वशिष्ठ ने कहाँ की रिद्धिमा कौशिक एक होनहार खिलाड़ी हैं उसने छोटी सी उम्र में यह मुक़ाम हासिल किया है इस की इस सफलता से फ़रीदाबाद के अलावा पूरे ब्लांक वासी उत्साहित है सीमा वशिष्ठ ने कहाँ की अभी तो रिद्धिमा कौशिक डीपीएस सेक्टर 19 की नौवीं कक्षा की छात्रा है।अभी तो उसे बहुत खेलना है। वह 31 सदस्यीय भारतीय टीम में शामिल हरियाणा की अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी है।

उसने शानदार प्रदर्शन करते हुए मेजबान थाइलैंड की खिलाड़ीयो को हराकर फाइनल राऊंड में भारत के लिए 4 स्वर्ण पदक जीते। वॉको इंडिया किक बॉक्सिंग महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष कुमार अग्रवाल ने बताया कि इस वर्ल्ड कप किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में लगभग 42 देशों के 1 हजार से ज्यादा खिलाड़ी भाग ले रहे हैं और भारतीय टीम ने दूसरे दिन शानदार सफलता हासिल की है। रिद्धिमा कौशिक ने किक लाइट इवेंट के 55 किलोग्राम, 60 किलोग्राम वजन भार वर्ग में 2 स्वर्ण पदक जीते देश, प्रदेश को गौरवान्वित किया है। टीम में शामिल दूसरे खिलाड़ियों ने भी मेडल जीते हैं।बेटी की उपलब्धि पर खुशी जाहिर करते हुए, पिता सुरेंद्र कौशिक माता रितु कौशिक ने कहा कि रिद्धिमा कौशिक निरंतर किक बॉक्सिंग में मैडल जीत रही है। इस वर्ल्ड कप प्रतियोगिता में 4 स्वर्ण पदक जीतकर फ़रीदाबाद प्रदेश, देश,का नाम रोशन किया है।

# बाल अधिकार संरक्षण आयोग राज्य में कहीं भी कार्यवाही करने के लिए स्वतंत्र: प्रीति भारद्वाज

पंचकूला के विश्राम गृह में बाल अधिकारों को लेकर अधिकारियों बैठक ली

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**पंचकूला।** राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य प्रीति भारद्वाज ने मंगलवार को पंचकूला के विश्राम गृह में बाल अधिकारों को लेकर अधिकारियों बैठक ली। इस बैठक में 14 विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। उन्होंने बच्चों को सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार दी जाने वाली सुविधाओं की बारिकी से जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को दिशा-निर्देश भी दिए।

राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य प्रीति भारद्वाज ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार बच्चों को सुविधाएं उपलब्ध करवाया जाना सुनिश्चित हो। साथ ही सभी सपोर्टपर्सन भी सरकारी हिदायतों के अनुसार निर्धारित समय पर काम पूरा करें। उन्होंने कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा व पुलिस के अधिकारी आपस में तालमेल करके कार्य करें। प्रीति भारद्वाज ने कहा कि प्रशासन का कौन सा अधिकारी और पुलिस का विभाग का कौन सा अधिकारी बाल अधिकार संरक्षण के नोडल अधिकारी लगाए गए हैं। इसकी भी पूरी जानकारी आपस में सीडब्लूसी सदस्यों तथा अन्य प्रतिनिधियों को होनी चाहिए। उन्होंने कहां की किस प्रकार राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग पूरे भारत में कहीं भी स्वत संज्ञान ले सकता है, इसी प्रकार राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग भी राज्य में कहीं भी कार्यवाही करने के लिए स्वतंत्र हैं। जिले में अधिकारियों द्वारा बाल संरक्षण को लेकर की गई कार्रवाई की जानकारी हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग को देना सुनिश्चित करें।

बैठक में बाल अधिकार संरक्षण के बारे में आपस में सुझाव भी साझा किए गए। इस दौरान बैठक में हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग से सदस्य अनिल कुमार, श्याम शुक्ला, मांगे राम, गणेश कुमार, सुमन राणा आदि मौजूद रहे।

# एसडीएम ने अग्निशमन विभाग को अपने वाहन अपडेट व मडावाला कालका में एक वाहन तैनात करने के दिए निर्देश

एसडीएम ने किसानों से गेंहू के फान्ने न जलाने की करी अपील

श्री कटारिया ने वन विभाग को मोरनी में अग्निशमन गाडी के लिए मैनपावर



अर्थ प्रकाश /जग्गी

**कालका।** एसडीएम श्री चंद्रकांत कटारिया की अध्यक्षता में लघु सचिवालय के सभागार में गर्मी के मौसम में फसल कटाई के समय अग्निशामक उपकरण अद्यतन व जनशक्ति को लेकर बैठक हुई। श्री कटारिया ने अग्निशमन उपकरण व वाहनों को लाईन विभागों से तालमेंल कर कार्य करने के निर्देश दिए ताकि किसी आगजनी जैसी अनहोनी को होने से रोका जा सके।

श्री चंद्रकांत कटारिया ने कहा कि उपायुक्त के निर्देशानुसार तहसीलदार की अध्यक्षता में सीआरओ, ग्राम सचिव, कृषि विभाग के प्रतिनिधी, पुलिस प्रतिनिधी की एक कमेटी बनाई जाएगी जो जिले में आगजनी जैसी घटनाओं की मानिटरिंग करेगी व हर सप्ताह इसकी रिपोर्ट उपायुक्त के सम्मुख प्रस्तुत करेगी।

श्री कटारिया ने एचएसवीपी को अग्निशमन की गाडियों में पानी भरने के लिए 10 वाटर हाइड्रेंट लगाने के निर्देश दिए ताकि शीघ्रता से अग्निशमन की गाडियों में पानी भरा जा सके। उन्होने राजस्व विभाग को यदि किसी खेत में आगजनी होती है उसकी नुकसान का जल्दी से जल्दी एफआईआर अटैच कर, केस बनाकर उपायुक्त के सम्मुख प्रस्तुत करने के निर्देश दिए ताकि समय पर किसान की मदद की जा सके। श्री कटारिया ने नगर निगम पंचकूला के अधिकारी को अग्निशमन विभाग के साथ मैनपावर कटाई के समय तक लगातार नियुक्त करने के निर्देश दिए। एसडीएम ने मोरनी में अग्निशमन विभाग को एक गाडी तैनात करने के निर्देश दिए व वन विभाग को मोरनी में अग्निशमन गाडी के लिए मैनपावर नियुक्त करने के निर्देश दिए। एसडीएम ने बताया कि जिले में आगजनी की घटना होने पर मदद के लिए 112 नंबर के अलावा चारों ब्लॉकों में मदद के लिए लैंडलाईन नंबर 0172-2590926, अग्निशमन अधिकारी तरसेम सिह के मोबाईल नंबर 8628863423 पर डायल करें। इसके अलावा पिंजौर, कालका में लैंडलाईन नंबर 01733-220166 सुरेंद्र सिंह नंबर 8295739802, बरवाला व रायपुररानी के लिए लैंडलाईन नंबर 01733-258100, लालचंद नंबर 9467225405 इन नंबरों पर डायल करके मदद प्राप्त कर सकते है। एसडीएम ने किसानों से गेंहू के फान्ने न जलाने की अपील की और बताया कि फान्नें जलाने से किसानों की भूमि की उपजाऊ शक्ति नष्ट होती है व मित्र कीटों को नुकसान पहुंचता है। फान्नें न जलाने से राजमार्गो पर होने वाली दुर्घटनाओं से बचा जा सकता है। उन्होने बताया कि भविष्य में भी यदि किसी किसान ने गेंहू के फान्ने में आग लगाने की कोशिश की तो उसके खिलाफ जुर्माना कम से कम 5000 रुपए लगाने के साथ-साथ अन्य कानूनी कारवाई की जाएगी। इस अवसर पर एसडीएम कालका संयम गर्ग, नगराधीश विश्वनाथ, एसीपी सुरेंद्र सिंह, डीआरओ डाक्टर कुलदीप मलिक, कृषि विभाग के उप निदशक सुरेंद्र यादव, तहसीलदार कालका विनय गोयल, विक्रम सिंगला, अग्निशमन अधिकारी तरसेम सिह, जनस्वाथ्य अभियांत्रिकी विभाग के कार्यकारी अभियंता समीर शर्मा, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण, वन विभाग तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

# पृथ्वी दिवस पर विद्यार्थियों ने किये रचनात्मक क्रियाकलाप

**कैथल (अप्रस)।** इंदिरा गांधी सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल में सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों ने पृथ्वी दिवस पर अपनी विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से भूमि संरक्षण के लिए जागरूकता लाने का प्रयास किया। इस अवसर पर नन्हे मुन्ने बच्चों ने विद्यालय प्रांगण में पौधारोपण करके तथा रंग बिरंगे पर पोस्टर बनाकर पर्यावरण संरक्षण में अपनी भूमिका निभाई। मध्यम वर्ग के विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार की अर्थ-डे कैप बनाकर, क्ले से विभिन्न प्रकार के पौधों के मॉडल बनाकर, रंग बिरंगे पोस्टर बनाकर, ट्री प्लांटर बनाकर वह कागज थैले बनाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। वरिष्ठ विद्यार्थियों ने लघु नाटिका के माध्यम से पर्यावरण की सुरक्षा के लिए जागरूक किया व विद्यार्थियों को पर्यावरण की सुरक्षा के लिए अधिक पेड़ लगाने व उनके संरक्षण के लिए प्रण भी दिलवाया।

# गांव छाजपुर खुर्द सरपंच ने पंचों के द्वारा लगाए आरोपो को सिरे से नकारा कहा- गांव में एक समान हो रहे विकास कार्य

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पानीपत।** ग्राम पंचायत छाजपुर खुर्द से सरपंच ने पंचों द्वारा लगाए गए शक्तियों का गलत प्रयोग कर भेदभाव करने का आरोपो को सिरे से नकारा है। इसी कड़ी में गांव छाजपुर खुर्द महिला सरपंच ने बताया कि कुलदीप पंच पंचायत के विरुद्ध है। जो शुरू से पंचायत के कार्यो में विघ्न डालता है। कुलदीप पंच आपराधिक मामलों में भी संलिप्त है। पंच कुलदीप के खिलाफ चार्ज शीट भी दायर हो चुकी है।

गांव में पंचायती जमीन पर अवैध कब्जे भी करा रखे हैं। उसके द्वारा लगाए गए सभी आरोप निराधार है। जिनका कोई औचित्य नही बनता। कुलदीप पंच के द्वारा मौजूदा पंचायत के खिलाफ षड्यंत्र कर विकास कार्यो में रोड़ा लगाया जा रहा है। गांव में एक समान विकास कार्य कराए जा रहे हैं। गांव में चहुंमुखी विकास करवाते हुए जनता की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जा रहा है। गांव में सरकार के सहयोग से सबका साथ-सबका विकास के नारे को चरितार्थ करते हुए समान रूप से विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार ने जनता के उत्थान के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाओं को क्रियान्वित किया है।इसके अलावा आमजन मानस को विभिन्न प्रकार की सेवाएं भी उपलब्ध करवाई जा रही है।

